

धमतरी से हुई शुरुआत

रायपुर। बकायादारों में शामिल धमतरी के जिला पंजीयक दफ्तर की बिजली सोमवार को काट दी गई, जिसके कारण कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर सब बंद हो गए। ऐसा बताया जा रहा है कि इस दफ्तर का अप्रैल से अगस्त माह तक का 98 हजार का बिल नहीं पटाया गया है।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions Apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur

अब सरकारी दफ्तरों की बिजली भी कटेगी

रायपुर में 441 को नोटिस, धमतरी में रजिस्ट्री दफ्तर का पावर कट

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बकायेदार सरकारी विभागों के भी बिजली कनेक्शन काटने का फैसला किया है। इसे लेकर कंपनी के प्रदेश के 71 संभागों में तैयारी चल रही है। विभागवार सूची बनाई जा रही है कि किन विभागों के कनेक्शन काटने से आम जनता को परेशानी नहीं होगी, इनको ही टार्गेट में लिया जा रहा है।

राजकुमार ग्वालानी ⏭ रायपुर

बकाएदारों की विभागवार बन रही कुंडली

पानी सप्लाई, स्ट्रीट लाइट, अस्पताल, स्कूल, पुलिस थाने, ट्रैफिक सिग्नल आदि के कनेक्शन अभी कट नहीं होंगे। जिनके कनेक्शन काटने से आम जनता प्रभावित नहीं होगी, उन विभागों को नोटिस दिया जा रहा है। रायपुर में भी सर्किल एक और दो को मिलाकर करीब साढ़े चार सौ सरकारी कनेक्शनों को नोटिस जारी किए गए हैं। प्रदेश के सरकारी विभाग छत्तीसगढ़ बनने के बाद से ही बिजली बिल जमा करने को लेकर गंभीर नहीं हैं। कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर



काटेंगे कनेक्शन

जिन भी सरकारी विभागों पर बिजली बिल बकाया है, उनके कनेक्शन कट किए जाएंगे। केवल आम जनता से जुड़े ऐसे विभागों को अभी छोड़ा जाएगा, जिसके कारण आम जनता को परेशानी हो सकती है।

-भीम सिंह कंवर, एमडी, वितरण कंपनी

बकाया साढ़े तीन हजार करोड़

सरकारी विभागों पर मार्च 2026 की स्थिति में करीब 29 सौ करोड़ का बकाया था। यह बकाया नए सत्र के पांच माह में और बढ़ने से साढ़े तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया हो गया है। 2025-26 के सत्र में सरकारी विभागों ने 1252 करोड़ की बिजली जलाई। इसमें 814 करोड़ ही मिले ⏭ शेष पेज 7 पर

किस विभाग पर कितना बकाया

नगरीय निकाय	1586 करोड़
पंचायत एवं ग्रामीण	876 करोड़
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	109 करोड़
स्कूल शिक्षा	80 करोड़
चिकित्सा विभाग	31 करोड़
जल संसाधन	27 करोड़
गृह विभाग	26 करोड़
आदिम जाति कल्याण	28 करोड़
महिला बाल विकास	26 करोड़
आवास पर्यावरण	23 करोड़
लोक निर्माण विभाग	13 करोड़
राजस्व विभाग	12 करोड़
वन विभाग	9 करोड़
कृषि विभाग	3.68 करोड़
पशुपालन विभाग	3 करोड़
कौशल विकास विभाग	3 करोड़
विधि विधायी विभाग	2.42 करोड़
सहकारिता विभाग	3.31 करोड़
उच्च विक्षा विभाग	5.40 करोड़
उद्यानिकी विभाग	2.64 करोड़
जेल विभाग	1.40 करोड़
खेल विभाग	1.03 करोड़

नोटः इसी के साथ कई विभागों पर लाखों का बकाया है। यह बकाया मार्च 2026 तक का है। अप्रैल से लेकर अगस्त तक इसमें और इजाफा हो गया है।

छत्तीसगढ़ के 16 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस महापात्र ने ली शपथ

लोकभवन में राज्यपाल ने दिलाई शपथ







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने न्यायाधिपति कृष्न राम महापात्र को सोमवार को लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में हाईकोर्ट, छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। श्री महापात्र छत्तीसगढ़ के 16 वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। इसके पूर्व कृष्न राम महापात्र उड़ीसा हाईकोर्ट के वरिष्ठ जज के पद पर कार्यरत थे। राज्यपाल श्री डेका ने मुख्य न्यायाधीश कृष्न राम महापात्र ⏭शेष पेज 7 पर

हाईकोर्ट की टिप्पणी

लंबे समय तक निलंबन दंड का विकल्प नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सेवा संबंधी एक महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर विभागीय चार्जशीट तामील हो चुकी हो तो केवल 90 दिनों के भीतर निलंबन अवधि बढ़ाने का आदेश नहीं होने के आधार पर निलंबन स्वतः अमान्य नहीं होता। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने ⏭शेष पेज 7 पर

कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

डिवीजन बेंच ने कहा कि यह मामला उन मामलों से अलग है, जहां निर्धारित अवधि में चार्जशीट जारी नहीं की गई थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि लंबे समय तक निलंबन को दंडात्मक उपाय का विकल्प नहीं बनाया जा सकता और कर्मचारी को अनिश्चितकाल तक सेवा से अलग भी नहीं रखा जा सकता। हालांकि केवल 90 दिन की समय सीमा के आधार पर निलंबन आदेश रद्द करना सिंगल बेंच की कानूनी भूल थी।

दुर्गा अष्टमी के दिन बंद रहेंगी शराब की दुकानें

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा को लेकर राज्य सरकार ने कई अहम फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को घोषणा की कि महाअष्टमी के दिन पूरे राज्य में शराब की दुकानें और बार बंद रहेंगे। इसके साथ ही दुर्गा पूजा और विसर्जन जुलूसों के दौरान डीजे बजाने पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा समितियों से त्योहार की पारंपरिक और धार्मिक भावना का ध्यान रखने की अपील की। पूजा की मूर्तियों, पंडालों और थीम से किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए।

देश के 130 में से 108 शहरों की हवा सुधरी, रायपुर में बढ़ गई ऑक्सीजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/ रायपुर

देश के 130 शहरों में से 108 शहरों में हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की हवा को साफ करने के प्रयासों का असर इस बार स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की रैंकिंग में दिखाई दिया है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत 2025-26 में 2017-18 के मुकाबले 72 शहरों में पीएम10 का स्तर 20 फीसदी से ज्यादा घटा, जबकि 26 शहरों में कमी 40 फीसदी से अधिक रही। हालांकि, केवल ⏭शेष पेज 7 पर

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वे सूची में लखनऊ, राउरकेला, कलिंग नगर शीर्ष पर



दुर्ग-भिलाई 17वें, कोरबा 10वें स्थान पर

10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में दुर्ग-भिलाई ने 175.3 अंक हासिल कर 17वीं रैंक प्राप्त की है। वहीं तीन से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में कोरबा ने 186.5 अंक के साथ 10वीं रैंक हासिल की। इस तरह राज्य के तीन प्रमुख शहरों रायपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

ग्रामीण इलाकों में 45 दिन का इंतजार हुआ खत्म

अब 25 दिन में ही बुक होगा नया गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री सुरेश गोपी ने सोमवार को कहा कि सरकार ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग का अंतराल तत्काल प्रभाव से 25 दिन करने को कहा है। गोपी ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार



ग्रामीणों को हो रही थी परेशानी

बता दें कि होर्मुज ब्लॉक और गैस की किल्लत की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 45 दिन में दोबारा गैस की बुकिंग के लिए नियम बनाया गया था, तब आम जनता को इससे बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि अब जब एक बार फिर से नियमों में बदलाव किया गया है, तो इससे आम जनता को राहत मिलेगी। खासतौर से वो लोग जिनके घर पर ज्यादा गैस जरूरत पड़ती है।

पेट्रोलियम कंपनियों को भेजा पत्र

केंद्रीय मंत्री ने अपनी पोस्ट के साथ पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को भेजे गए पत्र की प्रति भी साझा की। इस पत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गैस बुकिंग की अवधि 45 दिन से घटाकर 25 दिन करने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया है। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन का गैस बुकिंग अंतराल पश्चिम एशिया संघर्ष के समय से ही लागू है।



माननीय प्रधानमंत्री

श्री नरेन्द्र मोदी

के करकमलों से

₹35,200 करोड़

से अधिक के

जनकल्याणकारी एवं बहुउद्देशीय विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

तारीख: 8 सितंबर, 2026 | समय: सुबह 10:30 बजे

स्थान: महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी पवेलियन ग्राउंड, वडोदरा

माननीय प्रधानमंत्री का

'स्वच्छता से स्वागत' कर रहा है गुजरात

लोकार्पण

पूर्वी वडोदरा में 110 लाख नागरिकों को मिलेगी पेयजल सुविधा
लोगों के जीवनस्तर और स्वास्थ्य में होगा सुधार।

आजवा में 150 MLD क्षमता का नया वाटर इंटेक
भविष्य की जरूरतों के अनुरूप किया गया पूर्व नियोजन।

खानपुर-सेवासी में PMAY-ग्रामीण के तहत 270 नए आवास
अपने 'पक्के घर' का सपना होगा साकार।

भरूच जिले में जंबूसर-टंकारी-देवना रोड का सुदृढ़ीकरण
बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति।

महीसागर जिले के कडाणा डैम पर 110 MW क्षमता का फ्लोटिंग
सोलर प्रोजेक्ट, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में अनूठी पहल।

वडोदरा से टांडा रोड (मध्य प्रदेश) के बीच नई ट्रेन शुरू
होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

शिलान्यास

रिंग रोड फेज-2, 17.56 किमी
नागरिकों की यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक बनेगी।

विश्वामित्री नदी का गहरीकरण
नदी के जल संग्रहण क्षमता में होगी वृद्धि।

महानगरपालिका का नया प्रशासनिक भवन
नए भवन से नागरिक सुविधाएं अधिक सरल और सुगम होंगी।

वडोदरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 7 के ऊपर बनेगा बुलेट ट्रेन स्टेशन
आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से वडोदरा को मिलेगी वैश्विक पहचान।

आजवा सफारी पार्क और कमाटीबाग में मगरमच्छ की आकृति वाला पूल
पर्यटकों को मिलेगा नया आकर्षण और रोमांच से अनोखा अनुभव।

"वडोदरा का यह सर्वांगीण विकास केवल एक शहर की प्रगति नहीं है, बल्कि यह 'विकसित गुजरात' और 'विकसित भारत' के भविष्य की मजबूत आधारशिला है।"
हर्ष संघवी, उपमुख्यमंत्री, गुजरात

GUJARAT'S GROWTH
INDIA'S FUTURE.



MITTSURE OLYMPIAD MASTERS

NASA EDUCATIONAL TRIP WINNERS

विज्ञान विजेता



जय प्रकाश पांडेय
कक्षा 10, काइट्स राइज़ पब्लिक स्कूल, सिंगरौली, मध्य प्रदेश

गोरांगिनी शर्मा
कक्षा 8, विद्यादायिनी सेकेंडरी स्कूल, खण्डार, सवाई माधोपुर, राजस्थान

गणित विजेता



आयशा
कक्षा 5, कर्म भूमि विंग स्कूल, महेंद्रगढ़, हरियाणा

शुभ जैन
कक्षा 7, सेंट पायस स्कूल, श्योपुर, मध्य प्रदेश

देशभर के स्कूलों की प्रतिभाओं को मिली राष्ट्रीय पहचान

विज्ञान — राष्ट्रीय स्तर

रैंक 1

कक्षा		
कक्षा - 1		**आसना** आर्य वैदिक पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली
कक्षा - 2		**आकर्ष मलिक** एम आर एस एकेडमी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 3		**गरिमा चक्रवर्ती** सनराइज़ पब्लिक स्कूल, झाँसी, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 4		**हेतांश आर. मकवाना** होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
कक्षा - 5		**कार्तिकेय** आर.पी.के. पब्लिक स्कूल, हरदोई, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 6		**श्रेया सोनी** सतगुरु पब्लिक हायर सैकेंडरी स्कूल, शहडोल, मध्य प्रदेश
कक्षा - 7		**अर्पिता** माँ हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल, भदोही, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 8		**गोरांगिनी शर्मा** विद्यादायिनी सेकेंडरी स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
कक्षा - 9		**ज्वेल सिजो पालियाकारा** होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
कक्षा - 10		**जय प्रकाश पांडेय** काइट्स राइज़ पब्लिक स्कूल, सिंगरौली, मध्य प्रदेश

रैंक 2

कक्षा		
कक्षा - 1		**आयात परवीन** पैरामीटरप्लस इंटरनेशनल स्कूल, पटना, बिहार
कक्षा - 2		**दिवा सोनी** गुरुकुल कॉन्सेप्ट एजुकेशन स्कूल, राजसमंद, राजस्थान
कक्षा - 3		**अनिका रानी** हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
कक्षा - 4		**मुनीर अकबर** लिटिल एंजेल वैली स्कूल, मुज़फ्फरपुर, बिहार
कक्षा - 5		**सलमा खान** माउंट एसीसी इंग्लिश स्कूल, वलसाड, गुजरात
कक्षा - 6		**विवेक सिन्हा** बिड़ला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल, मुंगेर, बिहार
कक्षा - 7		**जय श्री बुंदेला** ड्रीम किड्ज़ प्ले स्कूल, पन्ना, मध्य प्रदेश
कक्षा - 8		**मयंक जांगिड़** विद्या भारती इंग्लिश स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
कक्षा - 9		**सुमित साहू** भारत विद्यांचल पब्लिक हाई स्कूल, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश
कक्षा - 10		**प्रियांशु कुमार** एम.बी.एन. पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा

रैंक 3

कक्षा		
कक्षा - 1		**अहयान अमान** पैरामीटरप्लस इंटरनेशनल स्कूल, पटना, बिहार
कक्षा - 2		**रिदा इमरान मेस्त्री** श्रद्धा पब्लिक स्कूल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र
कक्षा - 3		**अंशिवी सिंह** बी.एस.आर.डी. पब्लिक स्कूल, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 4		**प्रिया यादव** न्यू ग्रीन फील्ड हाई स्कूल, रतलाम, मध्य प्रदेश
कक्षा - 5		**माधव तुहानिया** ग्रो जीनियस स्कूल, चूरू, राजस्थान
कक्षा - 6		**आरती** सर्वोदय एच.जी. इंटरमीडिएट कॉलेज, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 7		**आराध्या हाळे** शंकरराव चव्हाण इंटरनेशनल स्कूल, नांदेड, महाराष्ट्र
कक्षा - 8		**रासी कुमारी** हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
कक्षा - 9		**नबील अब्दुल रऊफ** सेंट मैरीज़ स्कूल, तुमकुरु, कर्नाटक
कक्षा - 10		**आदर्श पांडे** सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी, भोपाल, मध्य प्रदेश

गणित — राष्ट्रीय स्तर

रैंक 1

कक्षा		
कक्षा - 1		**सौंदर्या एस. चौहान** सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी, भोपाल, मध्य प्रदेश
कक्षा - 2		**आकर्ष मलिक** एमआरएस एकेडमी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 3		**महियाली हाजी नईम मुल्ला** श्रद्धा पब्लिक स्कूल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र
कक्षा - 4		**आयुषी वर्मा** आदर्श सरस्वती शिक्षा निकेतन, सीतापुर, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 5		**आयशा** कर्म भूमि विंग स्कूल, महेंद्रगढ़, हरियाणा
कक्षा - 6		**लक्ष्य** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 7		**शुभ जैन** सेंट पायस स्कूल, श्योपुर, मध्य प्रदेश
कक्षा - 8		**आकांक्षा मिश्रा** आर.के.सी. पब्लिक स्कूल, बस्ती, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 9		**प्रदीप्ता हाजरा** मैग्नस ग्लोबल स्कूल, पूर्व बर्धमान, पश्चिम बंगाल
कक्षा - 10		**ए. शिवराज** सेंट मैरीज़ स्कूल, तुमकुरु, कर्नाटक

रैंक 2

कक्षा		
कक्षा - 1		**आयज़ा अनवर** न्यू प्रोग्रेसिव एजुकेशन पब्लिक स्कूल, भोपाल, मध्य प्रदेश
कक्षा - 2		**कृशिव राठौर** वेदांत विद्यालय, मंदसौर, मध्य प्रदेश
कक्षा - 3		**अथर्व परिहार** गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली
कक्षा - 4		**अर्णव शर्मा** गुरुकुल विद्यापीठ, ग्वालियर, मध्य प्रदेश
कक्षा - 5		**ज़ोया ज़ैनब** ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़, छत्तीसगढ़
कक्षा - 6		**मीर वसीक़ मेहदी** लिटिल एंजेल वैली स्कूल, मुज़फ्फरपुर, बिहार
कक्षा - 7		**नेहा कुमारी** विद्या निकेतन, औरंगाबाद, बिहार
कक्षा - 8		**रोहित कुमार** एन.आर. पब्लिक स्कूल, पटना, बिहार
कक्षा - 9		**राठौड़ एस. नाथुभाई** देवम विद्यालय, देवभूमि द्वारका, गुजरात
कक्षा - 10		**अंकुश कुमार** ए.वी.पी. एकेडमी, दौसा, राजस्थान

रैंक 3

कक्षा		
कक्षा - 1		**अंकुश कुमार** जीवन दीप पब्लिक स्कूल, नालंदा, बिहार
कक्षा - 2		**नव्या शर्मा** दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोडरमा, झारखंड
कक्षा - 3		**परी कुमारी** हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
कक्षा - 4		**दिशा** इनक्रेडिबल हाइट्स सैकेंडरी स्कूल, बीकानेर, राजस्थान
कक्षा - 5		**कनिष्का बैरवा** किड्ज़ ज़ोन प्ले स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
कक्षा - 6		**फेलिक्स जोसेफ़ बैजू** होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
कक्षा - 7		**आराध्या हाळे** शंकरराव चव्हाण इंटरनेशनल स्कूल, नांदेड, महाराष्ट्र
कक्षा - 8		**ईशांक बघेल** श्री विष्णुदत्त शर्मा इंटर कॉलेज, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 9		**प्राची** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश
कक्षा - 10		**अयान जमीर खान पठान** संत सेवालाल महाराज, यवतमाल, महाराष्ट्र

विज्ञान — राज्य स्तरीय – छत्तीसगढ़

	रैंक 1	रैंक 2	रैंक 3
कक्षा-1	वीरादित्य प्रताप पटेल, केएमके पब्लिक स्कूल, रायगढ़	एडलीना खलखो, केएमके पब्लिक स्कूल, रायगढ़	गौरी पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़
कक्षा-2	सुयश पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	गीतिका बरेठ, पायनियर पब्लिक स्कूल, रायगढ़	पूर्वी बरेठ, जी.ए.पी. पब्लिक स्कूल, रायगढ़
कक्षा-3	प्रेम, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	रुचि पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	यमुना प्रसाद राठिया, केएमके पब्लिक स्कूल, रायगढ़
कक्षा-4	पलक साहू, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	स्नेहा भोय, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	नक्ष बड़ाइक, ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़
कक्षा-5	गुंजन पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	एस.के. मोहम्मद आहिल, मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायगढ़	सुनंदा महंत, जी.ए.पी. पब्लिक स्कूल, रायगढ़
कक्षा-6	आयुष विश्वकर्मा, सीजी ग्लोबल पब्लिक स्कूल, सरगुजा	अनन्या सिंह, सीजी ग्लोबल पब्लिक स्कूल, सरगुजा	विभूति पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़
कक्षा-7	प्रतिमा पटेल, कामधेनु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**	कु. कृति साहू, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़	प्रियालक्ष्मी बिस्वाल, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़
कक्षा-8	अगीषा पटेल, कामधेनु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**	हिमांशी, सेंट गदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**	नैशी सिदार, शिशु भारती मिडिल स्कूल, **शक्ती**
कक्षा-9	मोनी पटेल, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़	नयना कुमारी, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़	गणेश्वरी मैत्री, कामधेनु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**
कक्षा-10	सात्विक तिवारी, मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायगढ़	चंचल पटेल, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़	संगीता चंद्रा, सेंट गदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**

गणित — राज्य स्तरीय – छत्तीसगढ़

	रैंक 1	रैंक 2	रैंक 3
कक्षा-1	वंश प्रताप सिंह, ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़	प्रगति गाहे वरी, कामधेनु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**	रुचिता पटेल, कामधेनु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**
कक्षा-2	शौरभौमिक पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	भावेश साहू, शिशु भारती मिडिल स्कूल, **शक्ती**	कुमकुम कश्यप, जी.ए.पी. पब्लिक स्कूल, रायगढ़
कक्षा-3	प्रेम, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	शवान खान, विक्टोरिया पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, सरगुजा	मोहम्मद फैज़ान, ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़
कक्षा-4	लक्ष्य पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	लिशा पटेल, पायनियर पब्लिक स्कूल, रायगढ़	नैमिष पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़
कक्षा-5	ज़ोया ज़ैनब, ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़	मयंक डानरोना, हर सिद्धि मुदिता कॉन्वेंट स्कूल, **शक्ती**	योगिता दशनि, हर सिद्धि मुदिता कॉन्वेंट स्कूल,
कक्षा-6	युगल पटेल, केएमके पब्लिक स्कूल, रायगढ़	संजना जायसवाल, हर सिद्धि मुदिता कॉन्वेंट स्कूल, **शक्ती**	प्रिंस विश्वकर्मा, सेंट पॉल मिशन स्कूल, सरगुजा
कक्षा-7	सपना पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	विक्की पटेल, एमआईआईटी डिजिटल एंड स्मार्ट स्कूल, सारंगढ़-बिलाईगढ़	पायल वर्मा, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़
कक्षा-8	साहित्य साहू, ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़	सिगम साहनी, हर सिद्धि मुदिता कॉन्वेंट स्कूल, **शक्ती**	कंचन भारती, सेंट पॉल मिशन स्कूल, सरगुजा
कक्षा-9	आयुषी टंडन, सेंट गदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**	रुचि चौधरी, पायनियर पब्लिक स्कूल, रायगढ़	गणेश्वरी मैत्री, कामधेनु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**
कक्षा-10	सुशांत गोप, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़	धनी चंद्र, सेंट मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, **शक्ती**	अंकुश सिंह, जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़

*T & C Apply

MITTSURE OLYMPIAD MASTERS 2026-27
कक्षा 1 से 12 तक
MOM 2026 में तीन नए विषय शामिल किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शुरुआत से ही बेहतर मार्गदर्शन मिल सके।
यह कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए है और विभिन्न विषयों में तीन स्तरों पर आयोजित किया जाता है।
Trusted by 2000+ schools & 1 Lakh+ students
कक्षा 1 से 10 तक: विज्ञान, गणित, अंग्रेज़ी, सामान्य ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता
कक्षा 3 से 12 तक: रीज़निंग एवं एप्टीट्यूड
www.mittsureolympiad.com

भारत का पहला पंचकोश विकास आधारित OLYMPIAD
MITTSURE OLYMPIAD MASTERS
JUNIOR POWER QUEST
NURSERY | LKG | UKG
GENERAL AWARENESS, CO-CURRICULAR SKILLS, MATHEMATICS, ENGLISH, ART
Talent Participation through mittmee
mittmee

REGISTRATIONS CLOSING SOON...

Mittsure
Corporate Office: B-121 Mangal Marg, Bapu Nagar, Jaipur | www.mittsure.com
To Register, Call on : 1800 8917070, 7374003601
Email: support@mittsure.com

SHAKUN

रायपुर
मंगलवार 8 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 49
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.8
न्यून. 26.2

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

haribhoomi.com

सेना की और बढ़ेगी ताकत खरीदेंगे रडार, हेलीकॉप्टर



नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सेना के तीनों अंगों के लिए रडार, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर और 'मेकेनिकल माइन लेयर समेत सैन्य साजो-सामान की खरीद को सोमवार को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों की अनुमानित लागत 1.10 लाख करोड़ रुपए है। इनका उद्देश्य सशस्त्र बलों की समग्र युद्धक क्षमता को बढ़ाना है।



सत्य निकेतन हादसा : 12 का रेस्क्यू, 5 छात्रों समेत 7 की मौत

जर्जर भवन निगल गया 7 जानें, मालिक पत्नी और पुत्र पर केस, 5 अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के पास सत्य निकेतन में बहुमंजिला इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इनमें 5 छात्रों की जान गई है। पुलिस ने भवन मालिक हरिराम गुप्ता, उसकी पत्नी उर्मिला और बेटे महेश को गिरफ्तार किया है। वहीं, पांच अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया है। इधर, इस मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एक हफ्ते के भीतर पीजी-हॉस्टलों की सुरक्षा जांच के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

मुख्यमंत्री ने पांच मंजिला इमारतें सील करने के दिए आदेश

पीजी-हॉस्टलों की सुरक्षा पर हाईकोर्ट सख्त

दिल्ली पुलिस ने भवन के मालिक हरिराम गुप्ता को राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया है। बहुमंजिला इमारत ढहने की घटना के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार सुबह घटनास्थल का पुनः दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं बचाव अभियान की समीक्षा की और दिल्ली में पांच मंजिल वाले भवनों को तत्काल सील करने के निर्देश दिए। पुलिस ने बताया कि मलबे में से 12 लोगों की निकाला गया है जिनमें से सात की मौत हो गई है। गुप्ता ने रविवार को भी घटनास्थल का दौरा किया था और इस दौरान उनके साथ दिल्ली सरकार एवं दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एम्स ने कहा कि कुल 12 लोगों को अस्पताल ⏭शेष पेज 7 पर

राजस्थान से पकड़ा गया मकान मालिक

दिल्ली पुलिस ने भवन मालिक हरिराम गुप्ता को राजस्थान के भिवाड़ी से पकड़ा लिया है। गुप्ता की पत्नी उर्मिला और बेटे महेश को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या, दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया है।



सुरक्षा पर हाईकोर्ट सख्त

हादसे पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी और दुख जताया है। अदालत ने कहा कि इसके लिए केवल इमारत के मालिक ही नहीं, बल्कि दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विश्वविद्यालय भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। कोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को एक सप्ताह के भीतर सभी पीजी और हॉस्टलों का सेफ्टी ऑडिट करने का निर्देश दिया है।

इन अफसरों पर गिरी गाज

सीएम रेखा गुप्ता के निर्देश पर एमसीडी के दक्षिण जोन के उपायुक्त (डीसी) राकेश कुमार के साथ-साथ दक्षिण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता रणवीर सिंह, अधिशासी अभियंता (भवन) ललित कुमार गोयल, सहायक अभियंता (भवन) सुनील चौहान और कनिष्ठ अभियंता (भवन) आशीष कुमार को निलंबित कर दिया गया है। दिल्ली सरकार ने रविवार को इमारत ढहने की इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे।

दुर्ग के युवराज समेत इनकी हुई मौत

हादसे में जान गंवाने वालों में सोनभद्र उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय छात्र अभिषेक, दुर्ग छत्तीसगढ़ के 20 वर्षीय छात्र युवराज सोनी, औरैया, उत्तर प्रदेश के 17 वर्षीय छात्र पवन, देवास, मप्र के 19 वर्षीय छात्र अर्पित जहाज कटनी, मप्र के 18 वर्षीय छात्र अक्षत सिंह यादव और 75 वर्षीय मजदूर सुरिंदर सिंह शामिल हैं। एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, घायलों में 30 वर्षीय असगर अली, 19 वर्षीय नीरज बावा, 19 वर्षीय आदित्य कुमार, 19 वर्षीय नितीश चिब और 18 वर्षीय मोहम्मद अयान शामिल हैं। इनमें से 3 की हालत गंभीर है।

अंधेरे में एकलव्य विद्यालय...कलेक्टर से मिलने 20 किमी पैदल चलीं छात्राएं

एक महीने से अधिक समय से एकलव्य आवासीय विद्यालय बतौली की कटी थी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

एक महीने से अंधेरे में डूबे एकलव्य आवासीय विद्यालय शिवपुर की छात्राओं के सब्र का बांध टूट पड़ा। आवासीय विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर छात्राएं 30 किलोमीटर दूर बैठे कलेक्टर से मिलने पैदल ही निकल गई। छात्राओं के पैदल निकलने की सूचना मिलने के बाद विभाग व प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में अधिकारी दौड़ते भागते मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक छात्राएं आधा सफर तय कर चुकी थी। छात्राएं कलेक्टर के अलावा किसी दूसरे व्यक्ति से बात करने को तैयार ही नहीं थी। 20 किलोमीटर पैदल चलने के बाद प्रशासन द्वारा बस की व्यवस्था की गई और उन्हें कलेक्टर से मिलने के लिए भेजा गया। छात्राओं ने कलेक्टर से मिलकर अपनी तीन प्रमुख समस्याएं बताई। कलेक्टर ने समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया इसके साथ ही लापरवाही पर टीम ⏭शेष पेज 7 पर





इमोशनल स्ट्रेस से बिगड़ी छात्रा की तबीयत

20 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्टर से मिलने पहुंची एक छात्रा की दोपहर में कलेक्टर कार्यालय में अचानक ही तबीयत बिगड़ गई। छात्रा को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और वह बेहोशी की हालत में चली गई जिसके बाद हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी और स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और छात्रा को एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्रा की उम्र 15 वर्ष है।



बढ़ी सियासी हलचल

यूथ कांग्रेस चुनाव में फिर विवाद चेलक-बंजारे के नामांकन होल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के बीच एक बार फिर विवाद सामने आया है। प्रदेश अध्यक्ष पद के दो प्रमुख दावेदार सत्येंद्र चेलक और शैलेंद्र बंजारे के नामांकन होल्ड किए जाने की जानकारी सामने आई है। दोनों नेताओं के नामांकन पर रोक की खबर के बाद युवा कांग्रेस के भीतर सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव में सत्येंद्र चेलक और शैलेंद्र बंजारे पहले से ही प्रमुख दावेदारों में गिने जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया और स्क्रूटनी के बाद दोनों ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

आज शाम तक मांगा जवाब

जारी नोटिस में कहा गया है कि संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव में प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से सदस्यता कराई गई है, जो लागू चुनाव आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के विपरीत है। उक्त कृत्य को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए, चुनाव की निष्पक्षता एवं ⏭शेष पेज 7 पर

मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

जहरीली शराब से 22 मौतों का दावा, 112 अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले के बंडा क्षेत्र में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। शराब के सेवन से बीमार 112 लोगों का सागर और भोपाल के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें 89 मरीज बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी), 16 जिला अस्पताल और सात बंडा सिविल अस्पताल में भर्ती हैं। कई मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सोमवार सुबह महेश रावत (55), श्याम बाई अहिरवार (50) और कृष्ण कुमार लोधी की मौत हुई।

20 रुपए सस्ती शराब का दावा

बंडा थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, अनूप सिंह लोधी अपने भतीजे राजेंद्र के साथ जुझार लोधी की दुकान पर गया था। वहां जुझार ने बताया कि लाइसेंसी शराब ठेकेदार यशवंत सिंह, मनीष लोधी और आशीष साहू के जरिए नया सस्ता ब्रांड भेजा गया है। उसने शराब सामान्य कीमत से 20 रुपए सस्ती मिलने की बात कही। अनूप ने शराब पीने से इंकार किया।



बंद करना पड़ा इंजन, अबू धाबी के रूट से वापस लौटी

36 हजार फीट पर एयर इंडिया प्लेन में आई तकनीकी खराबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोच्चि से अबू धाबी की उड़ान भर रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 विमान में आसमान के बीच बड़ी तकनीकी खराबी आ गई। 36 हजार फीट की ऊंचाई पर विमान के एक इंजन में ऑयल का दबाव तेजी से गिरने लगा। खतरा बढ़ता देख पायलटों ने हवा में ही इंजन को बंद किया, फिर विमान का रुख मोड़कर कोच्चि एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई। इस सूझबूझ से विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। यह घटना एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX 415 में हुई। विमान ने कोच्चि से अबू धाबी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद, जब विमान 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था, पायलट और को-पायलट ने इंजन-1 में ऑयल की मात्रा तेजी से घटती देखी. आसमान की इतनी ऊंचाई पर इंजन में ऑयल का तेजी से कम होना गंभीर स्थिति थी।



हवा में इंजन बंद, वापस मुड़ा विमान

हालात को देखते हुए पायलटों ने इंजन-1 को हवा में ही बंद कर दिया। इसके साथ ही अबू धाबी जाने की उड़ान जारी नहीं रखने का फैसला लिया गया और विमान को कोच्चि की तरफ मोड़ दिया गया। विमान एक इंजन के सहारे वापस कोच्चि पहुंचा और एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। इस तरह उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद फ्लाइट **IX** 415 को अपना रास्ता बदलना पड़ा. सभी यात्री सुरक्षित विमान से बाहर आ गए। अचानक इंजन का ऑयल इतनी तेजी से क्यों कम होने लगा, इसकी पड़ताल की जा रही है।

अमेरिका में हादसा 5 मौतें, 3 की हालत गंभीर

रनवे से उतरा प्लेन, गाड़ियों से टकराया



मियामी। अमेरिका के मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को एक बोइंग कार्गो प्लेन लैंडिंग के बाद रनवे से बाहर निकल गया। इस दौरान प्लेन कई गाड़ियों से टकरा गया और उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। 5 अन्य घायल हुए हैं, जिनमें 3 की हालत गंभीर है। रिपोर्ट के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। यह प्लेन अमेजन के प्राइम एयर नेटवर्क के लिए संचालित हो रही था। विमान प्यूर्टो रिको के लुइस मुनोज मारिन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरकर मियामी पहुंचा था। विमान की चपेट में आई कई गाड़ियों में लोग फंस गए थे। वहीं, विमान के पायलट और को-पायलट भी कॉकपिट में फंसे हुए थे। मियामी-डेड फायर रेस्क्यू की 60 से ज्यादा यूनिट मौके पर पहुंचीं। करीब 200 से ज्यादा आपातकर्मी बचाव अभियान में लगाए गए। टीमों ने विशेष फोम की मदद से विमान में लगी आग बुझाई और फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे के कई घंटे बाद तक विमान से ईंधन रिसाव की समस्या बनी हुई थी।

209 किमी/घंटे थी विमान की रफ्तार

विमान की गतिविधियों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के डेटा के मुताबिक विमान रनवे के इस्तेमाल योग्य हिस्से से बाहर निकलते समय करीब 112 नॉट यानी 129 मील प्रति घंटे (लगभग 208 किमी/घंटे) की रफ्तार से चल रहा था। विमान ने रनवे 30 पर लैंडिंग की थी। हालांकि, अभी यह पता नहीं चला है कि विमान समय रहते क्यों नहीं रुक पाया।

अमृतसर एयरपोर्ट के पास दिखाई दिया संदिग्ध ड्रोन

संदिग्ध ड्रोन, 7 फ्लाइट्स को डायवर्ट कर भेजा गया दिल्ली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के पास संदिग्ध ड्रोन दिखाई देने के बाद हड़कंप मच गया। रिपोर्ट के मुताबिक, एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एयरपोर्ट के आस-पास कई संदिग्ध ड्रोन देखे गए, जिसके बाद 7 उड़ानों को दिल्ली की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। ये घटना 7 सितंबर की रात 10 बजे करीब हुई। अधिकारी ने कहा कि जैसे ही उन्हें रनवे के पास ड्रोन जैसी चीज नजर आई, तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। जानकारी के मुताबिक, रविवार रात करीब 9.45 बजे एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इंडियन एयरफोर्स से ये जानकारी मिली कि एयरफील्ड में ड्रोन जैसी चीजें नजर आई हैं। उस वक्त कई फ्लाइट्स आसमान में मौजूद थीं। जैसे ही इस बारे में पता चला, एयरपोर्ट की ड्रोन से जुड़ी ज्वॉइंट एक्शन कमेटी को एक्टिव कर कंट्रोल टावर में बैठक बुलाई गई।



अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

श्री गुरु राम दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डायरेक्टर अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि रविवार रात एयरपोर्ट के ऑपरेशनल एरिया के आस-पास कई संदिग्ध ड्रोन मंडराते हुए नजर आए, जिसके बाद अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी. जानकारी मिलने के बाद करीब डेढ़ घंटे तक सभी फ्लाइट सर्विस ठप पड़ गई। अधिकारियों ने बताया कि डायवर्ट की गई 7 उड़ानों में मलेशिया एयरलाइंस, इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें शामिल थीं।

खबर संक्षेप

स्वतंत्र को डबल झटका, 14 दिन के लिए भेजा गया जेल

नई दिल्ली। एससी-एसटी और पॉक्सो ऐक्ट में गिरफ्तार किए गए यूट्यूबर स्वतंत्र भारद्वाज को डबल झटका लगा है। एक तरफ उसे निचली अदालत ने उसे 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है तो दूसरी तरफ हाई कोर्ट ने याचिका दायर करके राहत की उसकी उम्मीदों को तोड़ दिया। स्वतंत्र भारद्वाज ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध घोषित कराने के लिए उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी।



छग समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली। आईएमडी ने छत्तीसगढ़ बिहार, मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में मंगलवार तक भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, कराईकल, विदर्भ, गंगीय पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मंगलवार तक गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की स्थिति बनी रह सकती है।

महुआ को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की कृष्णानगर सांसद महुआ मोइत्रा को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सोमवार को उनके खिलाफ पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की अदालत से जारी गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया। इसके साथ ही अदालत ने मामले को कृष्णानगर जिला अदालत से बिधाननगर स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में भेजने का आदेश दिया। महुआ मोइत्रा ने गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया था। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने वारंट पर अंतरिम रोक लगा दी थी।



वृद्धाश्रम-पेंशन से लेकर मेडिकल फैसिलिटी जैसे मुद्दों पर मांगी विस्तार से जानकारी

बुजुर्गों के अधिकारों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, राज्य सरकारों से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे वृद्धाश्रमों की स्थापना और वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति के बारे में ताजा रिपोर्ट दाखिल करें। न्यायालय 2016 में दायर उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें बुजुर्गों के कल्याण एवं संरक्षण के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने का अनुरोध किया गया है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बुजुर्गों के अधिकारों के संरक्षण से जुड़ी जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से कहा है कि वे सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एडवोकेट जनरल/स्टैंडिंग काउंसिल को पत्र लिखकर इस संबंध में ताजा स्टेटस रिपोर्ट्स दाखिल करने को कहें। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अटॉर्नी जनरल का पत्र प्राप्त होने की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर वृद्धाश्रमों की स्थापना और वहां उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी देनी होगी। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्य कांत की बेंच ने केस की लंबे समय से सुनवाई ना होने पर चिंता जताई। याचिकाकर्ता डॉ. अश्विनी कुमार ने स्वयं पेश होकर कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार को तीन प्रमुख मुद्दों पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी थी कि देश में कितने वृद्धाश्रम हैं, बुजुर्गों को कितनी पेंशन दी जा रही है और उनके लिए चिकित्सा सुविधाओं की क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने इस मामले में लगातार निगरानी का आदेश दिया था।



केस की लंबे समय से सुनवाई ना होने पर सीजेआई ने जताई चिंता

'करोड़ों लोगों से जुड़ा है मामला'

डॉ. कुमार ने कहा कि यह करोड़ों लोगों से जुड़ा मामला है। छह-सात साल से इस पर सुनवाई नहीं हुई है। इस मामले को प्राथमिकता देने के लिए कुछ किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि 2022 के बाद यह मामला सूचीबद्ध क्यों नहीं हुआ, इसकी जानकारी नहीं है। डॉ. कुमार ने बताया कि उन्होंने 2022 के बाद खुद पांच बार मामले का उल्लेख किया। अगस्त 2023 में केंद्र ने एक हलफनामा दाखिल किया था, जिसमें 15 राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों का विवरण दिया गया था, हालांकि, उनके अनुसार केंद्र ने अब तक पूरी जानकारी वाला अद्यतन हलफनामा दाखिल नहीं किया है। उन्होंने केंद्र को इसे दाखिल करने के लिए दो-तीन सप्ताह का समय देने का आग्रह किया।

ये है मांग

याचिका में संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बुजुर्गों के अधिकारों को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की गई है। याचिका में बुजुर्गों के लिए पेंशन, आश्रय, जेरियाट्रिक देखभाल और चिकित्सा सुविधाओं के अलावा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम (एमडब्लूपीएक्ट) के प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा उठाया गया है।

'मामले को हाईकोर्टों पर नहीं छोड़ा जा सकता'

इस पर डॉ. कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को अपने ही आदेश को लागू कराना है और यह कहना उचित नहीं होगा कि मामला हाईकोर्टों को भेज दिया जाए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के अधिकारों से जुड़ा यह मुद्दा पूरे देश के लिए समान निर्णय की मांग करता है और इसे अलग-अलग हाईकोर्टों पर नहीं छोड़ा जा सकता. **CJI** ने इस पर टिप्पणी की कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में पहले सिद्धांत तय करने चाहिए थे और उनके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी हाईकोर्टों पर छोड़ी जानी चाहिए थी।

वैवाहिक दुष्कर्म : केंद्र से पूछा गया उसका रुख

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में लाने से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई की उपयुक्त तारीख तय करने से पहले वह केंद्र सरकार का रुख जानना चाहेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष वैवाहिक दुष्कर्म के मामले में पति के खिलाफ अभियोजन से संबंधित एक याचिका का उल्लेख किया और अनुरोध किया कि याचिकाओं के इस समूह को नवंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल रहीं। पीड़ित पत्नी की ओर से पेश जयसिंह ने कहा कि इन मामलों को बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है, लेकिन केंद्र ने अभी तक इस मामले में कोई ठोस जवाब दाखिल नहीं किया है और पक्षकारों ने भी एक-दूसरे को याचिकाओं की प्रतियां नहीं दी हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ''केंद्र ने अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया है, केवल प्रारंभिक आपत्ति दर्ज की है।

एससी-एसटी सांसद बनाएंगे साझा मंच, समुदायों के मुद्दों पर लड़ेंगे अब साथ मिलकर

'शुद्धीकरण' विवाद के बाद कांग्रेस की मीटिंग में फैसला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के सांसदों ने सोमवार को एक साझा मंच बनाने का फैसला किया ताकि वे पार्टी एवं सरकार के समक्ष अपने समुदाय के मुद्दे उठा सकें और मिलकर लड़ाई लड़ सकें। पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस के 32 एससी-एसटी सांसदों ने बैठक कर यह फैसला भी किया कि वे उत्तराखंड के हल्द्वानी में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सभा स्थल के 'शुद्धीकरण' की घटना को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप और उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। उनका कहना था कि इस संबंध में मंगलवार को एक ज्ञापन राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद राजू ने संवाददाताओं से कहा, 'सांसदों ने फैसला किया है कि एससी/एसटी समुदायों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एससी/एसटी सांसदों का एक मंच होना चाहिए और हम उनके मामलों को पार्टी तथा सरकार के समक्ष उठाएंगे।' उन्होंने कहा कि संसद सत्र में एससी-एसटी से जुड़े मुद्दों को उठाने की रणनीति तय की जाएगी।

हल्द्वानी में खड़गे की रैली

हल्द्वानी, उत्तराखंड में खड़गे की रैली के बाद कथित रूप से आयोजन स्थल शुद्ध करवाया गया था। इसे लेकर विवाद खड़ा हुआ है। कांग्रेस ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि बैठक में हल्द्वानी में खड़गे की रैली के बाद हुई कथित 'शुद्धीकरण' की घटना पर चर्चा की गई और आगे की कार्रवाई की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। पार्टी ने इस घटना को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सम्मान और आत्मसम्मान से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए कहा कि यह समानता, गरिमा और अस्पृश्यता के उन्मूलन के संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

डीसीजीआई ने राज्यों से नजर रखने को कहा

नकली रेबीज वैक्सीन 'अभ्यारब' को लेकर देशभर में अलर्ट जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में नकली और गलत लेबल वाली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई के बीच नकली रेबीज वैक्सीन को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट किया गया है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने राज्यों के ड्रग कंट्रोलरों से कहा है कि वे अभ्यारब वैक्सीन के एक खास बैच की बिक्री, सप्लाई और उपलब्धता पर कड़ी नजर रखें। कहीं यह वैक्सीन मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

यह मामला दिल्ली में सामने आया था।22 अप्रैल को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और दिल्ली ड्रग कंट्रोल विभाग की टीम ने मुखर्जी नगर में एक बिना लाइसेंस वाले परिसर पर छापा मारा था। यहां से अभ्यारब रेबीज वैक्सीन का बैच नंबर KE25012 बरामद हुआ था। बाद में जांच में सामने आया कि यह वैक्सीन भारतीय इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड की बनाई हुई नहीं थी, जबकि उस कंपनी के नाम का इस्तेमाल किया गया था।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कही ये बात

बरामद वैक्सीन के नमूने सरकारी जांच प्रयोगशाला सेंट्रल ड्रग्स लेबोरेटरी कसौली भेजे गए। लैब जांच में इसे गलत तरीके से ब्रांडेड और तय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके बाद डीसीजीआई कार्यालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसकी जानकारी देते हुए सतर्कता बढ़ाने को कहा।

बैच की आवाजाही पर नजर रखने को कहा

डीसीजीआई ने राज्यों को पत्र भेजकर इस बैच की आवाजाही और उपलब्धता पर नजर रखने को कहा था। राज्यों के ड्रग कंट्रोल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अगर यह वैक्सीन कही मिलती है तो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और उसके नियमों के तहत जरूरी कार्रवाई की जाए।

असम में श्रद्धा वॉकर जैसा हत्याकांड, आरोपी पति गिरफ्तार

पत्नी का सिर काटकर फ्रिज में रखा कुत्तों को खिलाने वाला था बॉडी

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

असम के गुवाहाटी में एक भयावह हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतका के पति रामानुजन गोस्वामी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पत्नी रिया का सिर धड़ से अलग कर पॉलिथीन में लपेटकर फ्रिज में छुपा दिया था। पुलिस ने बताया, हत्यारे ने रिया का सिर धड़ से अलग कर दिया था और उसे एक पॉलिथीन बैग में पैक करके फ्रिज के अंदर छिपा दिया था। इसके अलावा महिला की उंगलियां भी काट दी गई थीं। पुलिस ने बताया, यह घटना 24 या 48 घंटे पहले हुई। जबकि सोमवार 7 सितंबर को महिला का कटा सिर फ्रिज से बरामद किया गया। गुवाहाटी पुलिस कमिश्नरेट के एडीसीपी (ईस्ट) अनुराग शर्मा ने बताया कि घटना का मुख्य आरोपी मृतका का पति रामानुजन गोस्वामी ही है। उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण (सरेंडर) कर दिया है और अपना जुर्म कबूल कर लिया है।



पड़ोसियों को आई बदबू, तब खुला राज

पुलिस ने रविवार रात को वशिष्ठपुर स्थित अपार्टमेंट से शव बरामद किया। दरअसल, फ्लैट से तेज दुर्गंध आने के बाद पड़ोसियों ने अधिकारियों को सूचित किया था। न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, रिया और रामानुजन की शादी करीब छह महीने पहले हुई थी और दोनों इस फ्लैट में एक साथ रह रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार, यह वारदात शव मिलने से लगभग 48 घंटे पहले अंजाम दी गई थी। जांच टीमों ने घटनास्थल से एक हथियार जब्त किया है, जिसके बारे में आशंका है कि इसका इस्तेमाल इस नृशंस अपराध में किया गया था।

जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और इस घटना के संबंध में आगे के विवरण का इंतजार है।

रूस में फंसे यूपी के इंजीनियर की पत्नी ने प्रधानमंत्री मोदी से की अपील

'जबरन ज्वॉइन करवा रहे आर्मी, मेरे पति को छुड़वाइए'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस-भारत जहां अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद अपनी दोस्ती को लेकर अडिग हैं, वहीं रूस से भारतीयों को जबरन रशियन आर्मी में भर्ती किए जाने की खबरें भी सामने आ रही हैं, जिस पर केंद्र सरकार का ध्यान नहीं है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक भारतीय इंजीनियर को रूस की सेना में भर्ती करने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि शख्स ने रशियन आर्मी को जॉइन करने से इनकार कर दिया है, लेकिन रूसी सेना ने उसे पकड़कर जेल में डाल दिया। इंजीनियर की पत्नी ने मॉस्को से वीडियो जारी करके भारत की मोदी सरकार ने मदद करने की अपील की है और रशियन आर्मी के शिकंजे से उसके पति को छुड़वाने की गुहार लगाई है।

> मॉस्को पुलिस ने डाल दिया है बेवजह जेल में

> पति को भेजने वाली कंपनी नहीं कर रही है कोई सहयोग



जेल में डालकर बनाया जा रहा दबाव

वायरल वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए स्नेहा गुप्ता ने कहा कि उनके पति चंदन गुप्ता उत्तर प्रदेश के कानुपर निवासी हैं। वे पेशे से इंजीनियर हैं और नोएडा के सेक्टर-62 में कंपनी के लिए काम करते हैं। कंपनी ने उन्हें एक काम के वर्क वीजा जारी करके रूस भेजा था, लेकिन 6 सितंबर दिन रविवार को दोपहर करीब 12.30 बजे मॉस्को पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और जेल में डाल दिया। चंदन पर रूसी सेना में शामिल होने का दबाव डाला जा रहा था। चंदन ने कोई गुनाह नहीं किया है, फिर भी उन्हें हिरासत में लिया गया और छोड़ने के बदले में रूसी सेना जॉइन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

क्या हो रहा है, क्यों हो रहा?

स्नेहा ने दावा किया है कि उनके पति मॉस्को दिवस के आस-पास परेशान किया गया था। उसके बाद बीते दिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया। स्नेहा पति के बारे में बात करते-करते भावुक हो गईं और कहा कि उन्हें रूसी भाषा नहीं आती है, इसलिए पुलिस वालों और वकील की बात वे ठीक से समझ नहीं पाती हैं। इसलिए वे नहीं जानती कि उनके पति के साथ क्या हो रहा है या उन्हें क्यों हिरासत में लिया गया है? इस पूरे मामले में पति को रूस भेजने वाली कंपनी भी कोई सहयोग नहीं कर रही है।

भारतीय दूतावास ने नहीं जारी किया है अब तक कुछ बयान

भारतीय दूतावास या रूसी अधिकारियों की ओर से अभी तक मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिसमें चंदन को गिरफ्तार करने या उस पर रूसी सेना में भर्ती होने के लिए दबाव डाले जाने के आरोपों की पुष्टि हो।

राजस्थान से जा रहे थे यूपी

डिवाइडर से टकराई पिकअप, 12 की मौत

बागपत। राजस्थान से उत्तर प्रदेश के बदायूं जा रही एक पिकअप गाड़ी के बागपत जिले में डिवाइडर से टकराकर पलट जाने से उसमें सवार 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 20 अन्य लोग घायल हो गए। बागपत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल ने बताया कि हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है। इससे पहले, मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अजीत चौधरी ने हादसे में छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि राजस्थान से बदायूं जा रहा एक पिकअप वाहन रविवार देर रात खेकड़ा थाना क्षेत्र में डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया।

सो रहे थे और आ गई मौत

घायल यात्री कुंवर पाल के अनुसार हादसे के समय ज्यादातर यात्री वाहन में सो रहे थे, तभी अचानक जोरदार आवाज के साथ गाड़ी पलट गयी। वाहन चालक ने उन्हें बताया कि गाड़ी को पीछे से किसी दूसरी गाड़ी ने टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।



प्रलय के सेट से लीक हुआ रणवीर का इंटेंस वीडियो

मुंबई। 'धुरंधर' स्टार रणवीर सिंह इन दिनों उनकी मच अवेटेड फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच रणवीर के शूटिंग से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। वीडियो क्लिप में रणवीर सिंह कल्याणी के साथ नजर आ रहे हैं। उनकी पीठ पर एक बच्चा बंधा हुआ दिखाई दे रहा है। एक्टर रफ और रग्ड लुक में नजर आ रहे हैं और एक सुनसान और उजाड़ जगह से गुजरते दिख रहे हैं। जमीन पर सूखे पत्ते बिखरे हुए हैं, जबकि पीछे कई सुनसान गाड़ियां भी दिखाई दे रही हैं। ये सभी चीजें फिल्म के सर्वाइवल-थ्रिलर माहौल की ओर इशारा करती हैं। प्रलय में रणवीर सिंह मुख्य किरदार में नजर आएंगे।

लाइफ Style

सुरभि

टीवी और फिल्मों के बाद कॉमेडी की ओर रुख

'इंडियाज गॉट लैटेंट 2' के नए एपिसोड के बाद अभिनेत्री और स्टैंडअप कॉमेडियन सुरभि वंजारा सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। शो में उनके कई जवाबों और पैनलिस्ट्स के साथ हुई बातचीत के वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पहले भी शो में नजर आए जेनी कामकी, चेल्लो मीम और दूसरे प्रतिभागियों की बातचीत और खासकर समय रैना के साथ उनके मजेदार संवाद सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच चुके हैं। सुरभि वंजारा मनोरंजन जगत के लिए बिल्कुल नया नाम नहीं हैं। वह पिछले कई वर्षों से टेलीविजन, फिल्मों और डिजिटल माध्यमों में काम कर रही हैं।

अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी सीरियल्स में एपिसोडिक भूमिकाएं निभाईं। इनमें सीआईडी, आहट, शी...कोई है और हेलो इंस्पेक्टर जैसे शो शामिल रहे। शुरुआती दौर में छोटे पर्दे पर अलग-अलग भूमिकाएं करने के बाद सुरभि को वर्ष 2003 में आए लोकप्रिय सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' से ज्यादा पहचान मिली। इस शो में उन्होंने मारिया का किरदार निभाया था। मोना सिंह, अपूर्व अग्निहोत्री और रक्षा खडसे जैसे कलाकारों से सजे इस शो ने उस दौर में टेलीविजन दर्शकों के बीच अच्छी लोकप्रियता हासिल की थी। सुरभि ने वर्ष 2004 में फिल्म मर्डर के जरिए बॉलीवुड में भी काम किया। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत मुख्य भूमिकाओं में थे।



हॉलीवुड मसाला



द ओडिसी ने स्पाइडर-मैन 4 को पछाड़ा

मुंबई। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी ने अपने आठवें हफ्ते में स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को पीछे छोड़ दिया है। लेकिन, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में अब भी 'स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे' आगे है। 8वें हफ्ते द ओडिसी ने करीब 433.97 करोड़ की कमाई की, जबकि 'स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे'ने करीब 416.95 करोड़ कमाए। इस तरह नोलन की फिल्म ने स्पाइडर-मैन को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया। 'द ओडिसी की दुनियाभर में कमाई अब करीब 15,127 करोड़ की हो चुकी है। इसी के साथ यह फिल्म क्रिस्टोफर नोलन के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।



एमी अवॉर्ड्स में विडोज बे और द पिट का जलवा

लॉस एंजिल्स। रविवार को एमी अवॉर्ड्स की शुरुआती सेरेमनी आयोजित हुई। यह सेरेमनी मुख्य एमी अवॉर्ड्स से आठ दिन पहले आयोजित की गई थी। सेरेमनी में विडोज बे और द पिट का दबदबा देखने को मिला। डीटीएफ सेंट लुइस ने लिमिटेड सीरीज कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन किया और 6 अवॉर्ड अपने नाम किए। इसके को-स्टार्स और दिग्गज एक्टर्स डेविड हार्बर और लिंडा कार्डेलिनी ने भी अपना पहला एमी अवॉर्ड जीता। वहीं, एप्पल टीवी की हॉरर-कॉमेडी सीरीज 'विडोज बे'ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए। सीरीज में मैथ्यू राइस एक छोटे से न्यू इंग्लैंड शहर के मेयर का किरदार निभाते हैं, जो सदियों पुराने एक श्राप से जूझ रहा है। शो ने सिनेमैटोग्राफी, साउंड, म्यूजिक और प्रोडक्शन डिजाइन समेत कई कैटेगरी में अवॉर्ड जीते।



वेब सीरीज असुर सीजन 3 की शूटिंग शुरू

मुंबई। ओटीटी की पॉपुलर सीरीज असुर के तीसरा भाग की शूटिंग शुरू हो चुकी है। सीरीज की कास्ट में अरशद वारसी और बरुण सोबती मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं, सीरीज में श्वेता बसु प्रसाद और अहसास चन्ना भी अहम किरदारों में नजर आ सकती है। सीरीज का निर्देशन गौरव शुक्ला ने किया है। यह सीरीज पौराणिक कथाओं, मनोविज्ञान और क्राइम इन्वेस्टिगेशन के अनोखे मेल के लिए जानी जाती है। एक्ट्रेस संदीपा धर ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं। इनमें वह वेबसीरीज में दिखीं। इनसे फैंस को 'असुर सीजन 3' के बारे में जानकारी मिली। संदीपा द्वारा शेयर की गईं पहली तस्वीर में वह बॉलकनी में खड़ी हुईं हैं। उन्होंने ब्लैक कलर की बॉडी कॉन ड्रेस पहन रखी है। दूसरी फोटो में वह सीरीज में अपने डायलॉग पढ़ती नजर आ रही हैं।



रामायण के साथ आएगा लव एंड वॉर का टीजर

मुंबई। लीजेंडरी डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' अनाउंसमेंट के वक्त से ही सुर्खियों में बनी हुई है। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल इस मूवी में लीड रोल प्ले करते नजर आएंगे। तीनों का ही लुक सोशल मीडिया पर लीक हो चुका है, लेकिन अभी मेकर्स ने इसका टीजर और इसके ऑफिशियल पोस्टर रिलीज नहीं किए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का टीजर पहले जहां 28 सितंबर को रिलीज करने की प्लानिंग थी, वहीं अब मेकर्स इसे थोड़ा टालना चाहते हैं। मेकर्स की प्लानिंग यह है कि इस फिल्म का टीजर अगर रामायण के साथ रिलीज किया जाए तो ज्यादा फायदा होगा। मालूम हो कि 'रामायण - पार्ट 1' इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली है। क्योंकि, इसमें भी रणबीर कपूर ही लीड रोल प्ले कर रहे हैं।

टीवी मसाला



बिग बॉस 20 में माही के बॉसी नेचर से पहले दिन ही मचा बवाल

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' की शुरुआत होते ही घर के अंदर तनाव का माहौल बन गया है। खासतौर पर माही विज के व्यवहार ने सबको परेशान कर दिया है। पहले ही दिन से माही विज ने घरवालों पर अपना हुक्म चलाना शुरू कर दिया है, जिसके चलते घरवाले परेशान हो गए हैं। रियेलिटी शो 'बिग बॉस 20' की शुरुआत आखिरकार हो गई है। रविवार, 6 सितंबर को सलमान खान ने शो का आगाज किया और दर्शकों को कंटेस्टेंट्स से मिलवाया। शो में टीवी एक्ट्रेस माही विज से लेकर मैरी कॉम तक ने बतौर कंटेस्टेंट एंट्री ली है। वहीं शो शुरू होते ही घरवालों के बीच तनातनी भी शुरू हो गई है। हाल ही में मेकर्स ने शो का नया प्रोमो साझा किया, जिससे पता चलता है कि माही विज ने अपने बॉसी नेचर से तमाम घरवालों की नाक में दम कर दिया है। माही विज कभी बादशाह की एक्स वाइफ ईशा रिखी पर तंज करती दिखीं तो कभी अरिश्फा खान को चाय न बना पाने पर ताना देती दिखीं। 'बिग बॉस 20' के घर में अभी-अभी कंटेस्टेंट्स ने एंट्री ही ली है और माही विज ने घरवालों को ऑर्डर देना शुरू कर दिया है, जिससे घरवाले परेशान हो गए। ईशा रिखी और अरिश्फा खान सहित कई ने इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की। वैंड प्रीमियर के बाद सोमवार के प्रीव्यू में ही दिखाया गया था कि माही विज कामों को लेकर घरवालों पर हुक्म चला रही हैं। किसी को चाय बनाने के लिए तो किसी को कपड़े ठीक से रखने को कहती दिखीं। बिग बॉस हाउस में एंट्री करते ही माही विज ने अमन गांधी से अपना सामान हटाने में मदद मांगी।

रियलिटी शो झकास का प्रोमो रिलीज

नई दिल्ली। पर्दे पर एक दिन के मुख्यमंत्री के रूप में राज करने के बाद अब वह देश के सबसे बड़े गेम शो 'इंडिया के टॉप 1 परसेंट द अनिल कपूर शो' की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। मेकर्स की तरफ से इस शो का लेटेस्ट प्रोमो भी शेयर किया गया है। स्टार प्लस की तरफ से इंस्टाग्राम हैंडल पर अनिल कपूर के अपकमिंग रियलिटी टीवी शो इंडिया के टॉप 1 परसेंट का लेटेस्ट प्रोमो वीडियो शेयर किया गया है।



हाल ही में जारी हुई शो की पहली झलक में 100 खिलाड़ी और पूरे सीजन में 26 करोड़ की पुरस्कार राशि के साथ एक भव्य मुकाबले की झलक देखने को मिल रही है। शो का दिलचस्प मंत्र है, 'जिस कंटेस्टेंट को बात खटकी, उसकी जीत पक्की!' अनिल कपूर तब भी सुपरस्टार थे और आज भी हैं। अब वह अपनी जबरदस्त ऊर्जा और खास 'झकास' अंदाज के साथ टेलीविजन पर धमाल मचाने आ रहे हैं।

शरारत सॉन्ग की शूटिंग से पहले डरी हुई थीं : क्रिस्टल

मुंबई। साल 2025 में आई रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। एक तरफ जहां इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया, वहीं दूसरी तरफ इसके गाने भी चार्टबस्टर हिट हो गए। फिल्म का गाना 'शरारत' तो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। लोग इस पर रीलें बना रहे थे और यह बच्चों का भी फेवरिट हो गया था, जिसके चलते इसकी ट्रोलिंग भी हुई। फिल्म में इस आइटम नंबर पर परफॉर्म करने वाली एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा ने अब बताया है कि इस गाने की शूटिंग को लेकर वह काफी डरी हुई थीं। आयशा खान और क्रिस्टल डिसूजा ने इस सॉन्ग पर परफॉर्म किया था और हाल ही में फराह खान के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान क्रिस्टल ने बताया कि उन्हें यह गाना कैसे मिला। क्रिस्टल डिसूजा ने कहा, "यह पहली बार था जब मैंने कोई आइटम सॉन्ग किया। ईमानदारी से कहूं तो जब मुझे मुकेश (छाबड़ा) सर का कॉल आया तब मैं वहीं पर (अपने घर की बालकनी के पास) अपनी दोस्तों के साथ बैठी हुई थी। उन्होंने मुझसे कहा कि हम 4 दिन में एक सॉन्ग शूट कर रहे हैं और एक लड़की को ऑलरेडी सिलेक्ट कर लिया है। क्रिस्टल ने बताया कि मुकेश छाबड़ा ने उनसे पूछा कि टीम जानना चाहती है कि क्या तुम यह सॉन्ग कर पाओगी? इस पर क्रिस्टल ने उनसे कहा कि ठीक हैं, मुझे थोड़ा सा वक्त चाहिए। यह कहकर उन्होंने कॉल डिसकनेक्ट कर दिया। जब क्रिस्टल ने अपनी दोस्तों से पूछा कि क्या उन्हें यह गाना करना चाहिए? तो सभी ने जोश में चीखकर हां में जवाब दिया।



क्रिस्टल के दिमाग में थे सिर्फ 11 स्टेप्स

क्रिस्टल ने बताया, 'उन्होंने मुझे प्रॉपर डिटेल्स भी नहीं दी थीं, उन्होंने बस कहा कि इसमें कई बड़े चेहरे नजर आएंगे और यह एक बहुत बड़ी फिल्म है। इसके बाद मैं रिहर्सल के लिए चली गई जहां विजय गांगुली सर मिले, और आदित्य धर सर भी वहां पर थे। उन्होंने हमें कुछ 11 स्टेप्स करने को दिए थे। उस वक्त हुक स्टेप्स फाइनल नहीं थे, इसलिए हमारे दिमाग में बस 11 स्टेप्स ही थे। और फिर मुझे सिलेक्ट कर लिया गया। मैं बहुत डरी हुई थी।' बता दें कि रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे एक्टर्स से सजी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट रही थी।

पलाश निर्देशित तेरा साईं का पोस्टर व रिलीज डेट जारी...



मुंबई। फिल्म 'तेरा साईं'का पोस्टर और रिलीज डेट मेकर्स ने रिलीज कर दी है। यह फिल्म साईं बाबा के जीवन, उनके उपदेशों और मानवता के संदेश पर आधारित है। फिल्म की रिलीज डेट और पोस्टर की घोषणा शिरडी में की गई। साईं बाबा के जीवन पर आधारित फिल्म 'तेरा साईं'5 फरवरी 2027 को रिलीज की जाएगी। फिल्म को हिंदी के साथ-साथ मराठी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में भी सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में साईं बाबा का मुख्य किरदार अभिनेता संजय मिश्रा निभा रहे हैं। वहीं, फिल्म ने 'बालिका वधू' फेम अविका गौर भी खास किरदार में नजर आ सकतीं है। इसके अलावा फिल्म में सयाजी शिंदे, मनोज जोशी, ओमकार दास माणिकपुरी जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन पलाश मुछाल ने किया है।

द परफेक्ट लाइफ से जंगल टेल्स विद मोगली तक

इस सप्ताह ओटीटी पर होगा घमासान, क्रांति की मशाल लेकर निकलेंगे सिरफिरे

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में इन दिनों फिल्म 'हनुमान अंश' की खूब चर्चा हो रही है। इसके अलावा मिर्जापुर द मूवी भी आ गई है। हैवान इस सप्ताह थिएटर में आने वाली है। वहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी इस वीक खूब घमासान होने वाला है।

द रिवोल्यूशनरीज

आगामी वेब सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' इस सप्ताह रिलीज होगी। यह सीरीज सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और भारत के स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है। निखिल आडवाणी निर्देशित यह ऐतिहासिक ड्रामा सीरीज 11 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसमें भुवन बाम, रोहित सराफ, प्रतिभा रांटा और गुरफतेह पीरजादा अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, जेसन शाह, पाओली डैम और टोटा रॉय चौधरी भी महत्वपूर्ण किरदार अदा करेंगे।

घमासान

इस वीक फिल्म 'घमासान' भी रिलीज होने जा रही है। अरशद वारसी और तिग्मांशु धूलिया अभिनीत फिल्म एक कुख्यात डाकू महाराज और एसटीएफ अधिकारी आदित्य की कहानी पर आधारित है। दर्शक इसे 11 सितंबर से जी5 पर देख पाएंगे। बता दें कि फिल्म का निर्देशन तिग्मांशु धूलिया ने किया है। अभिनेता अरशद वारसी इस फिल्म में डाकू की भूमिका में नजर आएंगे।

जंगल टेल्स विद मोगली

ओटीटी पर इस वीक आपको मोगली की कहानी भी देखने को मिलेगी। एनिमेटिड सीरीज 'जंगल टेल्स विद मोगली' जो रिलीज हो रही है। इसे बच्चों के साथ देख सकते हैं। यह सीरीज 12 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।





अली बाबा और 40 भूत

भूतों की रहस्यमयी कहानियों पर बनी वेब सीरीज 'अली बाबा और 40 भूत' 11 सितंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें आशा नेगी और विशाल वशिष्ठ हैं। दरअसल, यह सीरीज 40 एपिसोड की है। 11 सितंबर से हर शुक्रवार को इसके चार नए एपिसोड रिलीज किए जाएंगे।

चुंबक

इस वीक वेब सीरीज चुंबक भी रिलीज होने वाली है। इसमें मोहल्ले में आस-पड़ोस के घरों के बीच के पारिवारिक और आत्मीय रिश्तों को दिखाया जाएगा। इस सीरीज में नीना गुप्ता, देवेन भोजानी, अमायरा दस्तूर, अर्जुन बिजलानी, अनंत वी जोशी और हेली शाह समेत कई सितारे हैं। इस सीरीज का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 10 सितंबर से होगा।

फौदा सीजन 5

अगर साइकोलॉजिकल पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज देखना का मन है तो इस वीक 'फौदा सीजन 5' आपके लिए है। यह सीरीज 08 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह सीरीज 07 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमलों के दो साल बाद की घटनाओं पर आधारित है।

द परफेक्ट लाइफ

यह एक सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर सीरीज है। इसमें एक मिस्ट्री देखने को मिलेगी। दरअसल, एक की अचानक मौत हो जाती है। इसके बाद चार परफेक्ट कपल एक-दूसरे पर ही शक करने लगते हैं। यह सीरीज 10 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

चिंतन

जिंदगी पर भारी नगर निकायों की उदासीनता

देश में स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था इसलिए विकसित की गई थी कि शहरों और कस्बों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर हो। नगर निगम, नगर पालिका और अन्य स्थानीय संस्थाओं को अधिकार दिए गए, जिम्मेदारियां सौंपी गईं और उनसे उम्मीद की गई कि वे नागरिकों को सुरक्षित और बेहतर जीवन देंगे, लेकिन आज यही संस्थाएं कई जगह नागरिकों की सुरक्षा के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रही हैं। सड़कों से लेकर नालों तक और इमारतों से लेकर जल निकासी व्यवस्था तक, लापरवाही का असर सीधे लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। दिल्ली में बहुमंजिला हॉस्टल गिरने की हालिया घटना इसका जीता जागता उदाहरण है। इस हादसे में सात लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद जांच और कार्रवाई का दौर शुरू हुआ। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी मामले में गंभीर टिप्पणी करते हुए दिल्ली नगर निगम, सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने हॉस्टलों की खराब स्थिति पर चिंता जताई और संबंधित सरकारों तथा संस्थाओं से जवाब मांगा है। पुलिस ने हॉस्टल मालिक को भी गिरफ्तार किया है, लेकिन गिरफ्तारी और जांच से बड़ा सवाल यह है कि जिस इमारत में छात्र रह रहे थे, उसकी स्थिति हादसे से पहले किसी जिम्मेदार अधिकारी को क्यों नहीं दिखाई दी? यही सवाल हर उस हादसे के बाद उठता है, जिसमें व्यवस्था की लापरवाही किसी की जिंदगी छीन लेती है। मैनहोल खुला हो तो हादसा होने के बाद उसे बंद किया जाता है। सड़क पर गड्ढा हो तो दुर्घटना के बाद मरम्मत होती है। जर्जर इमारत हो तो उसके गिरने के बाद नोटिस और जांच शुरू होती है। बारिश में जलभराव हो तो पानी उतरने के बाद नालों की सफाई का दावा किया जाता है। आग लगने के बाद अग्निसुरक्षा नियमों की याद आती है। यानी प्रशासन की सक्रियता नागरिक की सुरक्षा से नहीं, हादसे से तय होती है। दिल्ली, एनसीआर, मुंबई और दूसरे बड़े शहरों में अनियोजित निर्माण ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। शहर फैलते गए, इमारतें ऊंची होती गईं, लेकिन उनके अनुरूप बुनियादी ढांचा और निगरानी तंत्र मजबूत नहीं हुआ। कई जगह भवन नियम कागजों में सख्त हैं, लेकिन जमीन पर उनका पालन कराने वाला तंत्र कमजोर है। इससे भी गंभीर स्थिति तब पैदा होती है जब नियमों को लागू करने में राजनीतिक हस्तक्षेप आड़े आता है। स्थानीय दबाव, सिफारिश और राजनीतिक संरक्षण यदि नियमों से ऊपर हो जाएं तो फिर नागरिक की सुरक्षा सबसे पीछे चली जाती है। यह भी समझना होगा कि हर हादसे के लिए केवल भवन मालिक या ठेकेदार को दोषी ठहराकर नगर निकाय अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। आखिर भवन का नक्शा किसने पास किया? निरीक्षण किसने किया? निर्माण में नियमों का उल्लंघन हुआ तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इन सवालों के जवाब तय करेंगे कि गलती वास्तव में कहां हुई। प्रत्येक शहर में जर्जर इमारतों का नियमित सर्वे, खुले मैनहोल की तत्काल मरम्मत, जलभराव वाले स्थानों की स्थायी योजना और भवन नियमों के उल्लंघन पर समयबद्ध कार्रवाई जरूरी है। निरीक्षण की व्यवस्था को पारदर्शी और राजनीतिक दबाव से मुक्त करना होगा। अब वक्त हादसे के बाद जागने का नहीं, हादसे से पहले खतरा पहचानने का है। क्योंकि नगर निकायों की एक छोटी-सी लापरवाही किसी परिवार के लिए जिंदगी भर का मातम बन सकती है।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

क्या अमेरिका ने भरोसा खो दिया

दुनिया की आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था में पिछले कुछ वर्षों से एक ऐसा बदलाव दिखाई दे रहा है, जो पहली नजर में केवल सोने के भंडारण से जुड़ा मामला लगता है, लेकिन वास्तव में इसके पीछे बहुत गहरे राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी कारण छिपे हैं। कई देश अब यह सोच रहे हैं कि उनका सोना और विदेशी संपत्ति दूसरे देशों, खासकर अमेरिका में कितनी सुरक्षित है। कुछ देशों ने अमेरिका में रखा अपना सोना वापस मंगाना शुरू किया है, कुछ ने उसका हिस्सा घटाया है और कुछ इस दिशा में विचार कर रहे हैं। यह प्रक्रिया अभी इतनी बड़ी नहीं है कि इसे अमेरिका के खिलाफ वैश्विक विद्रोह कहा जाए, लेकिन इसे केवल सामान्य वित्तीय फेरबदल मान लेना भी उचित नहीं होगा। यह उस बदलती सोच का संकेत है जिसमें देश अपनी सबसे महत्वपूर्ण संपत्तियों पर सीधा नियंत्रण चाहते हैं। लंबे समय तक अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति, सबसे सुरक्षित वित्तीय केंद्र और सबसे विश्वसनीय रणनीतिक साझेदार माना जाता रहा। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार और विदेशी मुद्रा भंडार में केंद्रीय स्थान मिला। न्यूयॉर्क और अन्य अमेरिकी वित्तीय केंद्रों में अनेक देशों का सोना रखा गया। इसकी वजह भी व्यावहारिक थी। अमेरिका की वित्तीय व्यवस्था मजबूत थी, वहां बड़े पैमाने पर सोने का कारोबार होता था और जरूरत पड़ने पर सोने को बेचना, गिरवी रखना या उसके बदले धन जुटाना आसान था। इसलिए यूरोप सहित कई देशों ने दशकों तक अपने स्वर्ण भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा अमेरिका में रखा।

अब यही व्यवस्था सवालों के घेरे में है। हाल के वर्षों में यूरोप के कुछ देशों ने अमेरिका में रखा अपना सोना कम करना शुरू किया है। नीदरलैंड के केंद्रीय बैंक ने 2026 में अमेरिका और कनाडा में रखा लगभग 86 टन सोना हटाकर लंदन स्थानांतरित किया। इसके बाद न्यूयॉर्क में रखा उसका स्वर्ण हिस्सा लगभग 31 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत के आसपास रह गया। नीदरलैंड के केंद्रीय बैंक का तर्क था कि बदलते भू-राजनीतिक माहौल में स्वर्ण भंडार को अलग-अलग सुरक्षित स्थानों पर रखना बेहतर है और लंदन में रखा सोना संकट के समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। फ्रांस ने भी अमेरिका में रखा एक बड़ा हिस्सा हटाया, लेकिन उसके मामले को थोड़ा अलग तरीके से समझना जरूरी है। फ्रांस ने न्यूयॉर्क में रखे लगभग 129 टन पुराने सोने को बेचकर यूरोप में नए मानकों के अनुरूप सोना खरीदा। इसलिए इसे केवल अमेरिका पर अविश्वास का मामला नहीं कहा जा सकता। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि फ्रांस ने अपनी व्यवस्था में बदलाव किया और भंडार को यूरोप के भीतर अधिक नियंत्रित ढांचे में रखा। जर्मनी का उदाहरण और भी पुराना है। उसने 2013 से 2017 के बीच लगभग 300 टन सोना अमेरिका से वापस फ्रैंकफर्ट मंगाया था। हालांकि जर्मनी का एक बड़ा हिस्सा आज भी न्यूयॉर्क में रखा है। जर्मन केंद्रीय बैंक अब भी सार्वजनिक रूप से कहता है कि उसका सोना सुरक्षित है। इसके बावजूद जर्मनी के भीतर समय-समय पर यह बहस उठती रहती है कि राष्ट्रीय संपत्ति का इतना बड़ा हिस्सा विदेश में क्यों रखा जाए। इटली में भी यही सवाल उठ रहा है, क्योंकि उसके स्वर्ण भंडार का बड़ा हिस्सा अमेरिका में है। इस समय इटली ने कोई बड़ा वापसी अभियान नहीं



चलाया है, लेकिन बहस वहां भी तेज हुई है। इस पूरे बदलाव के पीछे सबसे बड़ा मोड़ रूस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को माना जा रहा है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के केंद्रीय बैंक की लगभग 300 अरब डॉलर की विदेशी संपत्तियों को रोक दिया। यह घटना वैश्विक वित्तीय व्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ी चेतावनी बन गई। यही वह बिंदु है जहां सोने का महत्व फिर बढ़ता दिखाई देता है। अपने देश की तिजोरी में रखा सोना किसी विदेशी बैंक, किसी दूसरे देश की सरकार, भुगतान व्यवस्था या अंतरराष्ट्रीय मंजूरी पर निर्भर नहीं करता। अगर किसी देश की विदेश नीति अमेरिका या यूरोप से टकरा जाए तो विदेश में रखी संपत्ति पर रोक लग सकती है, लेकिन अपने देश में रखा भौतिक सोना तत्काल राजनीतिक दबाव से बचा रहता है। यही वजह है कि कई केंद्रीय बैंक अब सोने को केवल निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की संपत्ति के रूप में देखने लगे हैं।

दूसरी बड़ी वजह अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों और वित्तीय शक्ति के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर आशंका है। डॉलर की ताकत केवल इसलिए नहीं है कि वह मजबूत मुद्रा है, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि दुनिया का बड़ा व्यापार, बैंकिंग और भुगतान तंत्र उसी के इर्द-गिर्द बना हुआ है। इससे अमेरिका को असाधारण प्रभाव मिलता है। वह किसी देश, बैंक, कंपनी या व्यक्ति पर प्रतिबंध लगाए तो उसका असर केवल अमेरिकी बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था पर पड़ सकता है।

तीसरी वजह अमेरिका की बदलती विदेश और व्यापार नीति है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने अपने मित्र देशों पर भी शुल्क (टैरिफ़) लगाए, व्यापारिक दबाव बनाया और सुरक्षा समझौतों को आर्थिक सौदेबाजी से जोड़ा। यूरोप में यह भावना बढ़ी कि अमेरिका पर हर परिस्थिति में भरोसा करना संभव नहीं है। यूरोप के लिए यह सवाल और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह दशकों से अपनी सुरक्षा और वित्तीय व्यवस्था में अमेरिका पर निर्भर रहा है। अब वहां रणनीतिक स्वायत्तता की चर्चा बढ़ रही है। इसका अर्थ है कि यूरोपीय देश सुरक्षा, ऊर्जा, रक्षा, वित्त और महत्वपूर्ण संपत्तियों के मामले में अपना स्वतंत्र ढांचा मजबूत करना चाहते हैं। सोने का स्थानांतरण इसी बड़ी सोच का एक हिस्सा माना जा सकता है। लेकिन यह कहना अभी गलत होगा कि दुनिया ने अमेरिका पर भरोसा खो दिया है। डॉलर आज भी विश्व की सबसे महत्वपूर्ण आरक्षित मुद्रा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, बैंकों के लेनदेन और सरकारी भंडार में उसकी भूमिका सबसे बड़ी है। यूरो, चीनी मुद्रा और अन्य मुद्राएं अभी डॉलर का पूरा विकल्प नहीं बन सकी हैं।

देश अब यह पूछ रहे हैं कि अगर उनके पास दस प्रकार की संपत्ति है तो वह सारी एक ही देश या एक ही वित्तीय व्यवस्था से क्यों जुड़ी हो। अगर उनका सोना पूरी तरह न्यूयॉर्क में रखा है तो उसका कुछ हिस्सा अपने देश या यूरोप में क्यों न रहे। सोने की बढ़ती मांग भी इसी का संकेत है। पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय बैंकों ने बड़ी मात्रा में सोना खरीदा है। यह केवल सोने की कीमत बढ़ने की कहानी नहीं है। इसके पीछे युद्ध, प्रतिबंध, महंगाई, सरकारी कर्ज, व्यापारिक तनाव और वैश्विक अस्थिरता की चिंता भी है। नीदरलैंड, फ्रांस या किसी अन्य देश के कुछ सौ टन सोने के स्थानांतरण से अमेरिकी अर्थव्यवस्था नहीं हिलेगी लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत बड़ा है। जब पुराने मित्र देश भी अपनी सबसे सुरक्षित संपत्ति को अमेरिका से बाहर ले जाने या उसका हिस्सा कम करने लगें, तो यह संकेत देता है कि वे भविष्य के जोखिम को लेकर अधिक सतर्क हो गए हैं। अमेरिका की असली चुनौती सोना नहीं, विश्वास है। विश्व शक्ति की असली ताकत केवल सेना, अर्थव्यवस्था और मुद्रा से नहीं आती, बल्कि इस भरोसे से आती है कि दूसरे देश उसकी व्यवस्था को स्थिर, न्यायपूर्ण और भरोसेमंद मानते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> दुनिया की आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था में बदलाव अब केवल व्यापार और मुद्रा तक सीमित नहीं रह गया है। कई देश अपनी सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति सोने को लेकर नए सिरे से सोच रहे हैं। अमेरिका और उसकी वित्तीय व्यवस्था पर दशकों से कायम भरोसे के बावजूद कुछ देश विदेशों में रखे अपने स्वर्ण भंडार को वापस ला रहे हैं या उसका स्थान बदल रहे हैं। रूस पर लगे प्रतिबंधों और उसकी अरबों डॉलर की विदेशी संपत्तियों पर रोक ने इस चिंता को और गहरा किया है। यह अमेरिका से दूरी बनाने की औपचारिक मुहिम नहीं, बल्कि जोखिम घटाने और अपनी संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण हासिल करने की बदलती वैश्विक रणनीति है।

दिल्ली हादसा



डॉ घनश्याम बादल

मलबे में दबते सपने और बिके हुए सुरक्षा मानक

कहीं भी जब कोई इमारत गिरती है तो कुछ घंटे के लिए लोगों की सांस थम जाती है। कैमरे मलबे पर टिक जाते हैं, राहतकर्मी ईंट-पत्थरों के बीच ज़िंदगी तलाशते हैं, नेता घटनास्थल पर पहुंचते हैं और प्रशासन सक्रिय दिखाई देने लगता है। फिर बयान आते हैं। जांच होगी', दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, 'मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। सवाल मगर वहीं खड़ा रहता है। जिस इमारत को गिरने से पहले बचाया जा सकता था, उसे गिरने ही क्यों दिया गया? दिल्ली में ढही इमारत कोई अकेली घटना नहीं है। राजधानी और देश के दूसरे शहरों में इमारतों के ढहने, आग लगने और अवैध निर्माण से होने वाली दुर्घटनाएं बार-बार बता रही हैं कि समस्या ईंट-पत्थर की नहीं, व्यवस्था की है। पुराना राजेंद्र नगर हो, जहां बेसमेंट में पानी भरने से तीन प्रतियोगी परीक्षार्थियों की जान गई थी, या राजकोट का गेम जोन, जहां आग ने कई परिवारों को उजाड़ दिया- हर घटना के बाद एक ही तस्वीर उभरती है, नियम मौजूद थे, जिम्मेदार विभाग मौजूद थे, लेकिन जिम्मेदारी गायब थी। आखिर ऐसा क्यों है? इमारतें अचानक नहीं गिरतीं। उनके गिरने की पटकथा महीनों और कई बार वर्षों में लिखी जाती है। कहीं नक्शे से खिलवाड़ होता है, कहीं मंजिलें बढ़ाई जाती हैं, कहीं घटिया सामग्री इस्तेमाल होती है, कहीं बेसमेंट का उपयोग बदल दिया जाता है। शिकायतें भी होती हैं। निरीक्षण भी होते हैं। कागज भी चलते हैं। फिर भी अवैध निर्माण खड़ा रहता है। क्या हमारी व्यवस्था की आंखें तभी खुलती हैं जब मलबे में से कोई शव निकलता है? यही सवाल प्रशासन से है और उससे भी ज्यादा उस भ्रष्ट तंत्र से, जिसमें नियम कानून की किताब में रहते हैं और उनका उल्लंघन बाजार में खुलेआम चलता है। हादसा हुआ नहीं कि संवेदना का बाजार सज गया। ट्वीट, बयान, दौरे, मुआवजे और जांच के आदेश। मगर जनता पूछती है-जांच हादसे के बाद ही क्यों? क्या किसी नेता या अधिकारी को यह पता नहीं होता कि उसके क्षेत्र में कितने भवन अवैध हैं? कितने बेसमेंट में कोचिंग चल रही है? कितने पीजी में क्षमता से दोगुने-तीन गुने विद्यार्थी रह रहे हैं? कितनी इमारतों में अग्नि निकास केवल कागज पर है? यदि पता है तो कार्रवाई क्यों नहीं? यदि पता नहीं है तो फिर प्रशासन कर क्या रहा है? इस सवाल का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे अक्सर हादसे की सनसनी में भुला दिया जाता है- वे बच्चे और युवा, जो इन असुरक्षित इमारतों में रहने को मजबूर हैं। गांव का किसान अपने बेटे को दिल्ली भेजता है। छोटा दुकानदार अपनी बेटी को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए शहर भेजता है। परिवार अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करता है, क्योंकि उसे उम्मीद है कि पढ़ाई से अगली पीढ़ी की जिंदगी बदल जाएगी। लेकिन शहर में पहुंचते ही यह सपना एक महंगे बाजार में प्रवेश कर जाता है। कोचिंग की फीस अलग, पीजी का किराया अलग, भोजन अलग, बिजली अलग, इंटरनेट अलग और लाइब्रेरी की फीस अलग। सुरक्षित आवास महंगा है तो विद्यार्थी सस्ता पीजी चुनता है। कमरे में चार की जगह आठ रह जाते हैं। पार्किंग के लिए बना बेसमेंट लाइब्रेरी बन जाता है। आवासीय भवन में कोचिंग शुरू हो जाती है। विद्यार्थी को ज्ञान देने के नाम पर करोड़ों का कारोबार करने वालों के लिए उसकी सुरक्षा की कीमत इतनी कम क्यों है? राजेंद्र नगर की घटना के बाद बेसमेंट में चल रहे कोचिंग और लाइब्रेरी परिसरों पर कार्रवाई हुई। कई संस्थान सील किए गए, नोटिस दिए गए और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। मगर सवाल फिर वही है। अगर नियम पहले से थे तो उन्हें लागू करने के लिए तीन जिंदगियों की बलि क्यों चाहिए थी? हमारी सबसे बड़ी विडंबना है। हम हादसों के बाद जागते हैं और कुछ समय बाद फिर सो जाते हैं। राजकोट की आग ने भी यही बताया। अग्नि सुरक्षा, निकास और निर्माण संबंधी नियमों की अनदेखी कितनी महंगी पड़ सकती है, देश ने देखा। बात केवल इमारतों की नहीं है। बात उस भरोसे की है जिसके सहारे गांव का एक पिता अपना बच्चा महानगर भेजता है। मलबे से शव निकाल लेना राहत कार्य है। मलबा बनने से पहले इमारत को रोक देना शासन है। मुआवजा देना संवेदना है। हादसा न होने देना जिम्मेदारी है। इसलिए दिल्ली की आज की घटना पर केवल शोक मत कीजिए। सवाल पूछिए, किसने बनाया, किसने अनुमति दी, किसने जांच की, किसने अनदेखा किया और किसने लाभ उठाया? इमारत के गिरने की आवाज कुछ सेकंड की होती है, लेकिन उसके नीचे दबे परिवारों का दुख पूरी जिंदगी चलता है और याद रखिए, इमारतें अचानक नहीं गिरतीं। पहले नियम गिरते हैं, फिर ईमानदारी, फिर जवाबदेही और अंत में छत।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।

मन का भोजन हमारे विचार हैं



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठें, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

अंतर्मन



आज की पाती

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह : स्वस्थ भारत की मजबूत नींव

हमारे देश में प्रत्येक वर्ष 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। शारीरिक विकास के लिए संतुलित आहार और उचित पोषण हर किसी के लिए बहुत आवश्यक है, फिर चाहे वह कोई बच्चा हो, बुजुर्ग हो या महिलाएं। हमें यह याद रखना चाहिए कि पोषण केवल स्वास्थ्य का ही विषय नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा राष्ट्रीय दायित्व है। इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य आमजन को संतुलित आहार, उचित पोषण, कुपोषण की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। वास्तव में यह सप्ताह हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि स्वस्थ नागरिकों से होता है। कहना गलत नहीं होगा कि पोषण हमारे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का आधार है - *प्रवीण काले, महासमुंद*

ट्रेंड

शोधार्थियों से आग्रह



शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ रोजगार हासिल करना नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच व नवाचार को बढ़ावा देना होना चाहिए। शोधार्थियों ऐसे विषय चुनें जो समुदाय की समस्याओं का समाधान करें और समावेशी विकास को बढ़ावा दें। -**सी. पी. राधाकृष्णन**, उपराष्ट्रपति

आर्थिक वृद्धि बरकरार



भारत ने वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद अन्य देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाकर और रणनीतिक साझेदारियां कायम कर अपनी आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है। भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं



पूर्ववर्ती सरकारों के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। राजस्व का नुकसान, चोरी और केंद्रीय योजनाओं में शामिल न होने के कारण राज्य व्यावहारिक रूप से दिवालिया हो गया है। हम खराब स्थिति में है और वित्तीय संकट से बाहर आने के लिए हमें एक वर्ष लगेगा। -**शुभेंदु अधिकारी**, सीएम, प. बंगाल

कानून-व्यवस्था जरूरी



विकास के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। पुलिस का काम सिर्फ आरोपियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि राज्य के विकास की नींव मजबूत करना भी है। जो लोग कानून का पालन करते हैं, उनके लिए पुलिस दोस्त है और जो कानून नहीं मानते, उनके लिए पुलिस दुश्मन है। -**जोसेफ विजय**, सीएम, तमिलनाडु

करंट अफेयर

ब्रिटेन सरकार की प्रवासियों के विरोध में प्रदर्शन पर नाराजगी

ब्रिटेन सरकार ने सोमवार को इंग्लिश चैनल पार कर आए प्रवासियों के विरोध में दक्षिणी इंग्लैंड के एक बंदरगाह पर प्रदर्शन करने वाले प्रवासी विरोधी प्रदर्शनकारियों के 'डराने-धमकाने वाले और उग्र व्यवहार' की निंदा की। रविवार देर रात पोर्ट्समाउथ में सैकड़ों प्रदर्शनकारी पुलिस के सामने आ गए। इनमें से कई ने काले कपड़े पहन रखे थे और चेहरे ढक रखे थे। प्रदर्शनकारियों ने प्रवासियों को किनारे लाने वाली बचाव नौकाओं को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने नए आए प्रवासियों को शरणार्थी आवेदन प्रक्रिया केंद्र तक ले जाने वाली बसों को भी रोकने की कोशिश की।



सरकार ने एक बयान में कहा, ' 'शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार हमारे लोकतंत्र का मूल हिस्सा है, लेकिन इसे कभी भी अव्यवस्था की सीमा पार नहीं करनी चाहिए।' पोर्ट्समाउथ में हुए इस प्रदर्शन से एक दिन पहले, शनिवार को डोवर में भी ऐसा ही प्रवासी विरोधी प्रदर्शन हुआ था। डोवर ब्रिटेन का सबसे व्यस्त नौका बंदरगाह है। वहां सैकड़ों नकाबपोश प्रवासी विरोधी प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और फ्रांस जाने वाले यात्रियों तथा मालवाहक वाहनों को परेशानी हुई।

ऑफ बीट

वर्कआउट के बाद रिकवरी के लिए अपना रहे कई तरीके

मुश्किल वर्कआउट पूरा करने के बाद हमेशा अच्छा महसूस होता है, लेकिन कुछ घंटों बाद मांसपेशियों में दर्द और खिंचाव शुरू हो जाता है। यह परेशानी



कई दिन तक रह सकती है और रोजमर्रा के आसान काम करना भी मुश्किल हो सकता है। इस दर्द से राहत पाने के लिए जिम जाने वाले लोग अब उन तरीकों को अपना रहे हैं, जो पहले केवल बड़े स्तर के खिलाड़ियों के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। सोशल मीडिया और पेशेवर खेलों ने आइस बाथ, कंप्रेशन वस्त्र, मसाज और रिकवरी सप्लीमेंट जैसी कई चीजों को लोकप्रिय बनाया है। रिकवरी के तरीकों में आइस बाथ पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया है। इसमें 15 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान वाले पानी में शरीर को कुछ समय के लिए डुबोया जाता है, ताकि रिकवरी बेहतर हो सके। लेकिन इसके फायदे को लेकर वैज्ञानिक प्रमाण मिले-जुले हैं। वर्कआउट के बाद रिकवरी तेज करने के लिए कंप्रेशन वस्त्र आमतौर पर पहने जाते हैं। इसके पीछे विचार यह है कि इन वस्त्रों से बाहर से पड़ने वाला दबाव रक्त संचार को बेहतर करता है, मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह बढ़ाता है और सूजन कम करता है। मसाज रिकवरी के उन कुछ तरीकों में से एक है, जिसके समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण काफी हद तक लगातार मिलते रहे हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

नंदीग्राम समेत 5 विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देश की 6 सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों और असम की एक संसदीय सीट के लिए उपचुनाव 6 अक्टूबर को होंगे। वोटों की गिनती 9 अक्टूबर को होगी। बता दें कि इन सभी सीटों पर विधायकों और सांसदों के इस्तीफे के बाद उपचुनाव हो रहे हैं।

नामांकन प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू होगी। उम्मीदवार 16 सितंबर तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच यानी स्क्रूटनी 17 सितंबर को होगी, जबकि उम्मीदवार 19 सितंबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। 6 अक्टूबर 2026 को वोटिंग होगी और 9 अक्टूबर को मतगणना कराई जाएगी।

कलकत्ता हाई कोर्ट से अभिषेक बनर्जी को राहत

'बस बहुत हो गया मैं 4 मई से यही सुनता आ रहा हूं'

जज बोले- जो उनसे 2 बार चुनाव हारा, वही शिकायतें दर्ज करा रहा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को संकेत दिया कि वह तृणमूल कांग्रेस नेता और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ कोर्ट की मंजूरी के बिना और एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगाने का आदेश दे सकता है। यह बात तब कही गई जब कोर्ट को बताया गया कि पहले से मिली अंतरिम सुरक्षा के बावजूद उनके खिलाफ कई आपराधिक शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की, 'बस बहुत हो गया, मैं 4 मई से यही सुनता आ रहा हूं अब मैं शुभेंदु अधिकारी के मामले में समन्वय पीठ की ओर से पारित आदेश पर भरोसा करते हुए आदेश पारित करने जा रहा हूं।'

किस याचिका पर सुनवाई कर रहा था कोर्ट?

कोर्ट एक ऐसी याचिका पर सुनवाई कर रहा था जो क्लिनिकल प्रैक्टिस और नकली दवाओं से जुड़ी गड़बड़ियों की शिकायत पर दर्ज एफआईआर से संबंधित थी। बनर्जी की तरफ से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन पेश हुए। सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने शिकायत की प्रकृति पर असंतोष जाहिर किया और सवाल उठाया कि बिना किसी जांच के बनर्जी की संलिप्तता साबित किए बिना आरोपों को उनसे कैसे जोड़ा जा सकता है।



कोर्ट ने टिप्पणी की, 'मैंने व्यक्तिगत रूप से तीन शिकायतें देखी हैं। इनमें से किसी का भी याचिकाकर्ता से कोई संबंध नहीं है।' अदालत ने आगे टिप्पणी की कि हालांकि पुलिस अपनी जांच जारी रख सकती है, लेकिन इस स्तर पर बनर्जी से हिरासत में पूछताछ करना उचित नहीं है। कोर्ट ने कहा, 'आप जांच करें और आरोप पत्र दाखिल करें। हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है।' जो दो बार चुनाव हारा वही शिकायत दर्ज करा रहा- जब एडिशनल एडवोकेट जनरल ने बताया कि मामला नकली दवाओं से जुड़ा है और शिकायतकर्ता एक मुखबिर है, तो न्यायालय ने आरोपों और बनर्जी के बीच संबंध पर सवाल उठाया। कोर्ट ने पूछा, 'क्या उन्होंने दवा लिखी थी, एक साल पहले इस बारे में खुलासा क्यों नहीं किया गया।' अदालत ने यह भी गौर किया कि शिकायतकर्ता वह व्यक्ति है जो अभिषेक बनर्जी के खिलाफ चुनाव हार चुका है। अदालत ने टिप्पणी की, 'वही व्यक्ति जो उनसे दो बार हार चुका है, शिकायतें दर्ज करा रहा है।'

उत्तर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता हीरा ठाकुर कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष हीरा ठाकुर भाजपा पर जातिगत जनगणना के मुद्दे पर पिछड़े वर्गों से विश्वासघात का आरोप लगाते हुए कांग्रेस में शामिल हो गए। कर्पूरी ठाकुर विचार मंच के अध्यक्ष हीरा ठाकुर 12 वर्षों तक विधान परिषद के सदस्य रहे हैं और उन्होंने सभापति एवं नेता-उपनेता जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद और सांसद राकेश राठौर ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। हीरा ठाकुर का स्वागत करते हुए राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार केवल चुनिंदा पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

Phone No. 07836-232224 Email ID-nppbkp@gmail.com

क्रमांक / 2759/न.पा.परि./लो.नि./2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक-03/9/2026

//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना//

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 198691, 198680, 198689, 198667, 198671, 198690 एवं 198219 है जिसकी कुल लागत राशि 99.59 लाख रू. एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 23.09.2026 है। उपरोक्त कार्यो की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट या का अवलोकन करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर
जिला- कोरिया (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2628/न.पा.नि./2026 रायगढ़ दिनाँक 07/09/26

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	198946	रायगढ़ स्टेडियम में हाई मास्ट लाईट स्थापना कार्य। (द्वितीय निविदा)	189.15	23.09.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
जल प्रबंध संभाग क्र. - 1, रायपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 17 / व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 23.03.2026 सिस्टम निविदा क्र. 187517 द्वारा "**रायपुर जिले के विकासखण्ड अभनपुर के ग्राम मंदलोर में स्टापडेम सह सोलर सिस्टम द्वारा सिंचाई कार्य केवल स्टापडेम निर्माण कार्य**" (प्रथम आमंत्रण) राशि रू. 180.69 लाख की निविदा आमंत्रित की गयी थी, संबंधित निविदा में न्यूनतम निविदाकार द्वारा अनुबंध नहीं करने के कारण, निविदाकार द्वारा प्रस्तुत धरोहर राशि को राजसात करते हुये निविदा निरस्त किया जाता हैं ।

अतः आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक 187517 निविदा सूचना क्रमांक 17 / व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 23.03.2026 (G- No 252607359 Dated 24.03.2026 S. No. 2) को एतद द्वारा निरस्त की जाती हैं।

सहपत्र :- शून्य ।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्र. - 1,
रायपुर (छ.ग.)

G-262703147/3

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 01.09.2026

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 21.09.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
294/198673	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	84.72
295/198674	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	42.37
296/198675	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	84.74
297/198676	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	21.19
298/198677	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	84.74
299/198678	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग मोहला-मानपुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	42.37
300/198679	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	67.80
301/198681	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	42.37
302/198682	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग बोडला के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	84.75
303/198683	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	84.75
304/198684	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	84.75
305/198685	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	42.37
306/198686	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग साजा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	110.06
307/198687	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नवागढ के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	113.70
308/198688	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग बेमेतरा के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य	114.37

टीप 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है ।

2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

G-262703130/4

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.)
न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र. 237, करही,
E-mail - nan.mungeli@yahoo.in (GST No. 22AACCC1772C1ZB)

क्रमांक / परि.-निविदा 25-26-27 / 2026-27 / 464 मुंगेली, दिनांक 04-09-2026

// ई-परिवहन निविदा सूचना //

निगम द्वारा जिला मुंगेली हेतु हम्माली कार्य हेतु प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिये कार्पोरेशन के निर्धारित संबंधित ई-परिवहन निविदा दस्तावेज (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश / शर्तें आदि वर्णित है) जेम पोर्टल की वेबसाईट के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

S. No.	Center Name	Bid No.	Date	Third Tender	Time
01	Mungeli/Dhapai	GEM/2026/B/7997557	Bid Start Date	07.09.2026	11:00 AM
			Bid Due Date	17.09.2026	05:00 PM
			Bid Open Date from	18.09.2026	05:00 PM

ई-निविदा के नियम, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट http:gem.gov.in एवं जिला कार्यालय के वेबसाईट https://mungeli.gov.in पर उपलब्ध है।

जिला प्रबंधक
मुंगेली

S-48963/2

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018
फोन-0771-2990592,
email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6/ मंडी अकलतरा/ वि.स.क्षे. पामगढ़/ 38-01/ 26-27/ 3303 रायपुर, दिनांक 03.09.2026

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in,

कृषि उपज मंडी समिति अकलतरा जिला - जांजगीर चांपा क्षेत्रांतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 25.09.2026 , फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 06.10.2026

क्रं	कार्य का नाम / स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर. विवरण
1	**जिला-जांजगीर चांपा, कृषि उपज मंडी समिति अकलतरा, क्षेत्रांतर्गत:-** ग्राम/ग्राम पंचायत धनगांव के नाला में (03 मीटर) , गधा नाला में (06 मीटर) पुलिया निर्माण, कोनारगढ़, लगरा एवं जेवरा में सामुदायिक भवन निर्माण, डोंगाकोहरौद में रंगमंच निर्माण तथा भिलौनी, मेउ, मेंहदी, रसौटा, राहौद, लगरा, सिल्ली, ससहा, जेवरा, कोनारगढ़, मुलमुला, कोसा, कोडाभाट, भुईगांव, कौसला, धनगांव, डोंगाकोहरौद, पकरिया, पामगढ़, भदरा, भैंसो, सेमरिया, तनौद, खोरसी, खरौद, में नलकूप खनन सह हेण्डपंप स्थापना कार्य।	116.77	लो.नि.वि. ब्रिज कार्य दिनांक 01.01.2025 एवं भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है ।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति अकलतरा
जिला जांजगीर - चांपा

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति अकलतरा
जिला जांजगीर - चांपा

S-48960/1

CGHIDB
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-जगदलपुर

द्वितीय निविदा आमंत्रण क्र. 64

छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र / वृत्त- जगदलपुर के अधीनस्थ संभाग दंतेवाड़ा में निक्षेप कार्य अंतर्गत जिला दंतेवाडा में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in/ एवं http:// eproc. cgstate. gov.in में उपलब्ध है । अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता संभाग दंतेवाड़ा मो.नं. 9424209051 पर संपर्क करें ।

उपायुक्त

S-48959/1

कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा (छ.ग.)
नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, स्वास्थ्य भवन,
द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़, 492002
ई-मेल- cmeoffice-cg@cg.gov.in दूरभाष नं. 0771-2234450

क्र./ 1554/आ.चि.शि. /छात्र /2026 नवा रायपुर, दिनांक 03.09.2026

// ऑन-लाइन रूचि की अभिव्यक्ति क. 198833 //

संचालनालय अधीनस्थ चिकित्सा महाविद्यालयों मे Enterprise Resource Planning (ERP) Solution हेतु द्वितीय ऑन-लाइन रूचि की अभिव्यक्ति क्र. 198833 आमंत्रित की गई है, जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकारों को अपना बिड ऑन-लाइन के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा, इच्छुक निविदाकार इस संबंध मे हमारे सर्विस प्रोवाइडर से ई-मेल **helpdesk.cgeproc@mjunction.in**, 1800 419 9140 (Toll free) पर सम्पर्क कर सकते है।

निविदा की निर्धारित तिथि निम्नानुसार है-

प्रारंभ तिथि :- 03.09.2026 , शाम 6.30 बजे से
अंतिम तिथि :- 25.09.2026, शाम 4.00 बजे तक
प्री-बिड (ऑन-लाइन माध्यम) :- दिनांक 11.09.2026, दोपहर 1.00 बजे से

(ऑन-लाइन लिंक संचालनालय के वेब साईट **www.cgdme.in** के माध्यम से पृथक से देखा जा सकता है।)

संचालक
चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़

G-262703142/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
179/198787	S/R, MOW, Deposit and Other Work of Various Roads Chandkhuri Section Under Sub-Division Survey Raipur (C.G.)	रू. 20.50 लाख
173/198788	S/R, MOW, Deposit and Other Work of Various Roads Arang & Mandir Hasoud Section Under Sub-Division Survey Raipur (C.G.)	रू. 20.50 लाख
188/198789	W.B.M. & B.T. Patch Repair on (1) Gondwara-Gudhiyari- Ramnagar-Mohbabazar-Tatibandh-Atari Road L-15.00 Km (2) Julim To Doma Road L- 2.00Km (3) Doma to Sonpairi Road L- 2.20 Km (4) Raweli Approach Road L- 1.20 Km (5) Sarona to Nadighat Road L-1.50Km (6) Aamdi Approadh Road L-1.00Km at Raipura Section Under Maintenance Sub Division Raipur	रू. 25.43 लाख
187/198790	Pot Holes, Patch Repair Work to Various Road Under Sub Division No.-1 Raipur C.G. 1. Mujagahan-Doma Marg L.-510 M. 2. Dhaneli- Sejbahar Marg L-460 M. 3. Kandul Aantarik Marg L.-820 M. 4. Boriyakala Aantarik Marg L.-770 M. 5. Mujagahan-Sivani Marg L.- 890	रू. 42.33 लाख
190/198791	W.B.M. & B.T. Patch Repair on (1) Datarenga Parsada Khorpa Road (Km 7 to Km 13 And Km 19 To Km20) L-19.20 (2) Shankar Nagar To Lodhipara Chowk Road L-1.30 Km (3) Mohavabazar Amanaka Thana Road L-1.00 (4) Shankar Nagar to Kachana Railway Crossing Road L-2.10 Km (5) Bhatagaon Khudmudaghat Road L-1.50 Km (6) Khamhariya to Kachana Railway Crossing Road L-1.30 Km at Bhatagaon Section Under Maintenance Sub Division Raipur	रू. 16.94 लाख
192/198792	W.B.M. & B.T. Patch Repair On (1) Datarenga Mundar Road L- 3.00 Km (2) Raipura Approach Road L-1.00 Km (3) Kota Hirapur Canal Link Four Lane Road Ch. 2/6 to 3/10 L- 1.50 Km (4) Amapara Gudhiyari Pahadi Chowk Road L-4.00Km (5) Amapara to Amanaka Road L-3.30 Km (6) Tatibandh Mohbabazar Road (7) Mohbabazar To State Bank Road L-2.40 Km (8) Gudhiyari Approach Road L-1.20 Km (9) Bhatagaon Approach Road L-2.50 Km (10) Khudmudaghat Approach Road L-0.30Km (11) Kathadih to Nadighat Road L-0.60 Km (12) Iskcon Tample Road L-0.80 Km Under Maintenance Sub Division Raipur	रू. 25.43 लाख

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.09.2026 समय सायं 5:30 बजे तक उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्रं.1, रायपुर (छ.ग.)

G-262703150/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेत ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
180/198422	B.T. Patch Work for Various Roads Under Silyari Section No. 2, Raipur (1) CCI Mandhar to Pathri Minse (2) Barbanda Approach Road (3) Dondekhurd Chappora Road & Other Road	रू. 47.14 लाख
181/198423	B.T. Patch Work for Various Roads Under Dharsiwa Section No. 01 & 02, Raipur (1) Dharsiwa Kurra Pandarbhatha Khairkhut Lakhna Bhumiya Road (2) Khairkhut Tarpongi Ninwa Kirna Road (3) Raipur Bilaspur NH to Tarpongi Road & Other Road	रू. 44.86 लाख
182/198424	B.T. Patch Repair and Wmm Patch Repair Work in Various Roads Under Tilda-Neora (1) Neora-Sinodha-Khaparikala-Neodha-Hathband Road 8.10 Km (2) Tilda-Neora-Kota-Champa-Manpur-Kohka-Paraswani-Chingori-Chhachhanpahari-Mohra-Boirjhiti-Alda Road 11.00 Km (3) Otgan-Keshda-Mohadi-Mohgaon-Satbhawa-Boirjhiti-Alda Road 20.00 Km (4) Kirna-Kundaru Road 3.10 Km.	रू. 67.77 लाख
175/198425	S/R, MOW, Deposit and other Work of Various Roads Arang & Mandir Hasoud Section Under Sub-Division Survey Raipur (C.G.)	रू. 20.50 लाख
183/198426	B.T. and Wmm Parch Repair Works In (1) Tilda-Bhurshuda-Gujra-Silpatti-Mohda Road 15.00 Km (2) Khairkhut-Tarpongi-Kirna-Jalso-Kundaru-Bahesar-Tulsi Road 4.00 Km (3) Kodwa-Janjgira-Nakti-Khapari-Bartori-Rajiya-Chhapora-Manpur-Tulsi-Sarphonga-Alda-Bhatbhera Road 10.00 Km (4) Chicholi-Raikheda-Sontara-Devgaon-Khauna Road 13.00 Km (5) Kharora-Kathiya Road 12.00 Km (6) Devgaon-Madhi Road 3.00 Km (7) Sontara-Madhi Mandir Approach Road 3.00 Km (8) Nahardih Approach Road 1.00 Km (9) Bharuwadih Khurd Approach Road 0.85 Km (10) Malod to Fatak to Shanti Nagar Kodwa Road 2.50 Km (11) Sontara to Khapari Banjari Road 3.00 Km Head Quarter Section Under Sub Division Tilda Neora	रू. 59.30 लाख
184/198427	B.T. Patch Repair on Nandanvan Jarway Hirapur Road, Tatibandh Hirapur Fourlane Road, Urla Patharidih Road KM 2/6 to 5/2, Tendua Hathband Road KM 2/6 to 3/4, Bana Berla Anicut Road, Patharidih Kanhera Road, Bendri Approach Road, Tendua Jarway Approach Road, Sondongari Internal Road, Under Vidhan Sabha Sub Division Raipur (C.G.)	रू. 33.84 लाख
185/198428	B.T. Patch Work of 1. Tarra Pawni Khauna 2. Kurra to Kolhan Nallah 3.Akoli Saguni 4. Dhaneli Giraud Tekari 5. Bhukoni Chhapora Lalpur Under Silyari Section No.-01, Raipur	रू. 35.51 लाख
186/198429	B.T. Patch work of Bangoli Mura Mohrenga Road, Shankar Nagar-Baloda Bazar Road, Math-Beldarseoni Road, Barouda saddu Road, Amasivani-Sakari-Dhansuli Road of Nardaha Section and Kharora Section under Vidhan Sabha Sub Dn. Raipur (C.G.)	रू. 39.99 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.09.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,रायपुर
मण्डल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-262703119/2

चीन के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से ठीक पहले मिले भारत चीन के सैन्य कमांडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भागीदारी से ठीक पांच दिन पहले भारत और चीन की सेनाओं के शीर्ष कमांडरों के बीच कोर कमांडर स्तर की पहली उच्च-स्तरीय बैठक हुई है। जिसका आयोजन बीते रविवार को अरुणाचल-प्रदेश के किबिथू क्षेत्र में स्थित वाचा-दमाई सीमा बैठक बिंदु पर किया गया और इसमें मुख्य रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी, पूर्वी लद्दाख शामिल) के हालात की व्यापक रूप से समीक्षा की गई है। साथ ही सीमा पर शांति और सौहार्द को बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैठक में भारतीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय सेना की दीमापुर में मौजूद तीन कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। गौरतलब है कि इस बैठक को लेकर भारत की तरफ से अभी तक फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन जल्द ही यह सामने आ सकता है।

डोभाल ने साफ किया देश का रुख

मालूम हो कि दोनों देशों के बीच पिछले महीने 25 अगस्त को बीजिंग में सीमाई मामलों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए गठित की गई विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) के स्तर की एक बैठक हुई थी। जिसमें भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भाग लिया था। वार्ता के दौरान भारतीय एनएसए ने अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के सामने दो टूक अंदाज में यह साफ कर दिया था कि दोनों देशों के समग्र द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए सीमा पर शांति और सौहार्द को बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस तंत्र का गठन 2003 में किया गया था। इसके अलावा सीमा के निर्धारण और सीमा पार सहयोग पर भी इस वार्ता के दौरान ध्यान केंद्रित किया गया।



तरंगशक्ति युद्धाभ्यास के लिए भारत आएगा श्रीलंका का विमान

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बढ़ती रणनीतिक असुरक्षा के दौर में भारत और श्रीलंका के बीच जल्द ही दो बेहद सुखद और सकारात्मक संयोग बनेंगे। जिनमें से एक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (8 सितंबर) से भारत के इस निकट करीबी मित्र देश की तीन दिवसीय (8 से 10 सितंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। रक्षा मंत्री की श्रीलंका यात्रा के दौरान उनके साथ रक्षा और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों का उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा।

महिलाओं के लिए 33% आरक्षण नए रास्ते खोलेगा: बिरला

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को और अधिक बढ़ाने की पुरजोर अंदाज में वकालत की है। राजधानी दिल्ली से सटे फरीदाबाद में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित की गई दो दिवसीय अखिल भारतीय क्षमता निर्माण कार्यशाला के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के प्रावधान की ऐतिहासिक रूप से दरकार है।

रूस-यूक्रेन में शांति की बातचीत वाला माहौल बनने की संभावना

मास्को। रूस-अमेरिका-यूक्रेन के बीच शांति के लिए एक बार फिर बातचीत वाला माहौल बनने की संभावना है। क्रेमलिन ने सोमवार को कहा कि वह तीनों देशों के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने की संभावना से इनकार नहीं करता है। रूस ने साफ किया कि फिलहाल बातचीत की तारीख और जगह के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। क्रेमलिन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन



और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच संभावित फोन कॉल को लेकर भी प्रतिक्रिया दी. क्रेमलिन ने कहा कि अमेरिकी दूतों की बैठकों के बाद पुतिन और ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

खबर संक्षेप

नवविवाहिता का पति ने रस्सी से घोंटा गला, मौत

कुरूद। ग्राम सुपेला में हुई 23 वर्षीय नवविवाहिता वीणा उर्फ बबली ठाकुर की संदिग्ध मौत के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। देमार (पाटन) निवासी स्व. प्रकाश ठाकुर की पुत्री वीणा का विवाह दो वर्ष पूर्व सुपेला निवासी विवेक ध्रुव (30 वर्ष) से हुआ था। जन्माष्टमी के दिन शाम लगभग साढ़े पांच बजे कमरे में वीणा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पति ने परिजनों को बताया कि वीणा ने पंखे में साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। भखारा पुलिस, एफएसएल टीम और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। स्थल निरीक्षण के दौरान मृतका के गले पर साड़ी की जगह किसी पतली वस्तु या रस्सी के निशान मिले, जिससे पति द्वारा बताए गए फांसी लगाने के तरीके पर सवाल खड़े हो गए।

धारदार हथियार से युवक की गला रेतकर हत्या

धमतरी। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कण्डेल निवासी पारसमणि साहू पिता भारत उम्र 35 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। पारसमणि अपनी पत्नी व दो बेटियों के साथ माता-पिता व दो भाइयों से अलग मकान में रहता था। वह लगभग तीन महीने से काम करने नरहरपुर गया था। युवक रक्षाबंधन का त्योहार मनाने अपने घर ग्राम कंडेल आया था। रविवार की रात्रि युवक गांव के आवासपारा में स्थित गौठान गया था। युवक वहां बरगद पेड़ के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव के यावेन्द्र कुमार ध्रुव ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए धारदार हथियार से पारसमणि का गला रेत दिया।

कुलपतियों ने कहा-जनता से फीडबैक लें, अकादमिक शोध पर जोर

छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को व्यावहारिक, समावेशी और जन-उपयोगी बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा गठित समिति ने जन-परामर्श और विचार-विमर्श की प्रक्रिया तेज कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इसी कड़ी में समान नागरिक संहिता प्रारूप समिति द्वारा आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में समक्ष विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और भरण-पोषण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए कुलपति ने खुलकर अपनी राय रखी। बैठक में पारंपरिक सामाजिक मान्यताओं से लेकर आधुनिक वैधानिक सुधारों तक के कई अहम पहलुओं पर गहन मंथन हुआ। हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विवेकानंदन ने इस संबंध में विस्तृत सुझाव दिए। उन्होंने एक मजबूत, निष्पक्ष और न्यायसंगत मसौदा तैयार करने के लिए हर संभव तकनीकी और कानूनी सहयोग देने के लिए हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा कानून है जो देश के सभी नागरिकों के लिए धर्म, जाति या लिंग के भेदभाव के बिना विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे मामलों में एक जैसे नियम तय करता है।

- समान नागरिक संहिता की ड्राफ्टिंग में शिक्षाविदों ने दिए सुझाव



समाजशास्त्र, मानवशास्त्र व विधि विशेषज्ञों की सहायता

रविवि के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला ने ड्राफ्ट को शोध-आधारित बनाने के लिए समाजशास्त्र, मानवशास्त्र तथा विधि विभागों के विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं के इनपुट्स को शामिल करने पर बल दिया। प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक जमीनी सर्वे कराने और आम जनता से सीधे प्रतिक्रिया लेने का सुझाव दिया गया, ताकि कानून राज्य की वास्तविक परिस्थितियों और जन-आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार हो सके। पत्रकारिता विवि के कुलपति प्रो.मनोज दयाल ने भी इस संबंध में सुझाव दिए। समिति सदस्यों सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एमके राउत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार और सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्योति रानी सिंह ने इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

स्वच्छता सुरक्षा और पोषक खाद्य के मानकों के आधार पर हाइजीन रेटिंग

जिला अस्पतालों की रसोई भी अब जांच के दायरे में एफडीए का 'ईट राइट इंडिया' का प्रमाणन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मरीजों को परोसे जाने वाली थाली में पौष्टिकता और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ जिला अस्पतालों में संचालित रसोई को भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जांच के दायरे में लाया गया है। 'ईट राइट इंडिया' पहल के अंतर्गत प्रमाणन, प्रशिक्षण, जागरूकता एवं प्रवर्तन गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। इस दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और पोषक खाद्य के मानकों के आधार पर अस्पतालों की हाइजीन रेटिंग की जा रही है। अब तक जिला अस्पताल कांकेर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, बीजापुर का प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

- कांकेर, बलरामपुर समेत 8 डिस्ट्रिक हास्पिटल्स को मिल चुकी रेटिंग

खाद्य एवं औषधि प्रशासन केवल व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को ही नहीं, अपितु शासकीय संस्थानों में भी आम लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से काम कर रहा है। पिछले तीन माह से ईट राइट इंडिया के तहत राज्य के जिला अस्पतालों में संचालित कैंटीन को जांच के दायरे में लाया गया है। इसके तहत वहां खाद्य स्वच्छता, सुरक्षित भोजन, पोषण तथा खाद्य सुरक्षा के निर्धारित मानकों के पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही वहां काम करने वाले कर्मचारियों को फॉस्टेक प्रशिक्षण के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के मानकों से अवगत कराया जा रहा है। एफडीए के अधिकारियों के मुताबिक, ईट राइट कैंपस प्रमाणन के अंतर्गत जिला अस्पताल कांकेर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, बीजापुर तथा दुर्ग के एसएसआईएमएस हास्पिटल को प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इसके अलावा खैरागढ़ के 3 खाद्य प्रतिष्ठानों को हाइजीन रेटिंग प्रमाणन मिला है।

खाद्य सुरक्षा एवं पौष्टिकता पर फोकस

सुरक्षित भोजन स्वस्थ नागरिक स्वस्थ छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ विभाग 'ईट राइट इंडिया' पहल को राज्य में जनभागीदारी के माध्यम से निरंतर विस्तार दिया जा रहा है। ऑडिट के दौरान अस्पतालों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की हाइजीन रेटिंग की जा रही है।

- दीपक अग्रवाल
नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन



तीन माह में ढाई हजार प्रतिभागियों को ट्रेनिंग

खाद्य कारोबारियों एवं खाद्य सुरक्षा सुपरवाइजरों की क्षमता निर्माण के लिए आयोजित फॉस्टेक प्रशिक्षण के माध्यम से तीन माह में 2500 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है। कोरबा, महासमुंद, कोरिया, धमतरी, सरगुजा, मनेंद्रगढ़ एवं रायपुर सहित विभिन्न जिलों में प्रशिक्षण आयोजित किए गए हैं तथा शेष जिलों में भी प्रशिक्षण जारी है। राज्य के प्रमुख जिलों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव में ईट राइट क्लीन स्ट्रीट फूड हब, ईट राइट क्लीन फ्रूट एंड वेजिटेबल मार्केट एवं ईट राइट स्कूल के प्रमाणन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

दिल्ली में हॉस्टल की बिल्डिंग गिरने से दुर्ग के युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिल्ली के सत्य निकेतन क्षेत्र में रविवार को हॉस्टल की 5 मंजिला बिल्डिंग गिरने से दुर्ग के एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के मुताबिक पंचशील नगर वार्ड 1 दुर्ग निवासी छात्र युवराज सोनी 20 वर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय के मोतीलाल नेहरू कॉलेज में बी.कॉम सेकंड ईयर की छात्र था। युवराज लड़को के पीजी में रहा करता था। अवकाश खत्म करने के बाद तीन दिन पहले ही दुर्ग से दिल्ली लौटा था। घटना की खबर लगते ही परिजनों दिल्ली रवाना हो गए है। युवराज सोनी के पिता मेड़िकल स्टोर्स संचालक है। मृतक की एक बहन भी है। युवराज पढ़ाई के लिए ही दिल्ली में रह रहता था। कॉलेज में अवकाश चल रही थीं, इसलिए युवराज पिछले महीने से दुर्ग स्थित अपने घर पर रहता था।

- परिजन दिल्ली के लिए हुए रवाना, खबर लगते ही दुर्ग में शोक की लहर

अवकाश खत्म होने के बाद 3 दिन पहले ही दिल्ली लौटा था। हादसे की जानकारी मिलते ही युवराज के दोस्तों में मातम छा गया।घटना के थोडे देर पहले ही युवराज अपने दोस्त आर्यन से मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। दोनों बाहर घूमने का प्लान तैयार कर रहे थे।तभी बिल्डिंग गिरने वाला हादसा हुआ। बातचीत के दौरान अचानक युवराज का आवाज आना बंद हो गया।

छात्राओं से पास कराने के नाम पर छेड़खानी

राजनांदगांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंदाटोला विकासखंड छुरिया में पदस्थ सहायक शिक्षक तिलकराम यादव को छात्राओं से पास कराने की बात कहकर छेड़खानी करने के आरोप में जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आदेश के मुताबिक शिक्षक पर स्कूल की बच्चियों से पास कराने की बात कहकर छेड़खानी करने का आरोप है। इस कृत्य को विभाग ने शिक्षक पद की गरिमा के विपरीत, अनुशासनहीनता एवं गंभीर कदाचरण की श्रेणी में माना है। मामले को गंभीरता से लेते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत तिलकराम यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डोंगरगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।



बड़े खुलासे की संभावना

इस घटना के सामने आने के बाद गैंदाटोला क्षेत्र में चर्चा है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए तो कुछ और नए खुलासे हो सकते है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इसी तरह की घटना डोंगरगांव ब्लाक के अर्जुनी में भी सामने आई थी, तब एक शिक्षक सहित कई शिक्षिकाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। चर्चा तो यह भी है कि मामले की अच्छे से जांच हुई तो कुछ और लोग कार्रवाई के दायरे में आ सकते है।

फर्जी अंकसूची के सहारे पाई थी नौकरी, सहायक शिक्षक निलंबित

कसडोल। जिला प्रशासन ने फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी पाने वाले एक सहायक शिक्षक पर बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर कसडोल विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला कंजिया में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) रामेश्वर प्रसाद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार पिसीद (कसडोल) निवासी हेमदास मानिकपुरी ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि रामेश्वर प्रसाद साहू ने वर्ष 2011 में फर्जी डीएड अंकसूची (सत्र 2008, रोल नंबर 47240442) प्रस्तुत कर शिक्षाकर्मी वर्ग-03 के पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी। संदेह तब गहराया जब नियुक्ति के 11 साल बाद उन्होंने पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर से दोबारा डीएड किया। इससे स्पष्ट हुआ कि वर्ष 2011 की नियुक्ति के समय जमा किया गया प्रमाण पत्र पूरी तरह फर्जी और कूटरचित था।



जांच मे खुली पोल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जनपद पंचायत कसडोल और विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कसडोल द्वारा जांच की गई। जांच रिपोर्ट में गंभीर गड़बड़ी पाई गई। शिक्षक द्वारा 4 जनवरी 2011 को कार्यभार ग्रहण करते समय संलग्न डीएड प्रमाण पत्र के सील पर जिला बलौदाबाजार अंकित था, जबकि बलौदाबाजार जिले का गठन वर्ष 2012 में हुआ था। एक अन्य प्रतिवेदन के सील में जिला रायपुर दर्ज था। जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत पाया गया।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 6263818152 79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरो-815)

शिक्षाकर्मी

आवश्यकता है- लेडी इंचार्ज, स्पोर्ट्स टीचर, हिंदी टाइपिंग टीचर एवं अंग्रेजी-हिंदी माध्यमः एस.एसटी, इंग्लिश, मैथ्स, इकोनॉमिक्स, बीएसटी हेतु शिक्षक/शिक्षिकाओं, म्यूज़िक टीचर एवं माली की आवश्यकता। साक्षात्कार 12.09.2026, प्रातः 9:30बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 0771-2252855. (आरो-005)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरो-309)

आवश्यकता

आवश्यकता है- अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। प्रदीप तिवारी (अधिवक्ता) पता- सी-1, श्याम सुंदर भवन, ऑक्सीजोन गार्डन के पीछे, रवि नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ मो- 9424206480, 6263390736.(आरो-842)

केयर टेकर

आवश्यकता है- आनंद होमकेयर में लड़के लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है। मरीजो बुजुर्गों बेबी केयर हेतु ट्रेनिंग + रहना खाना फ्री 5वीं से 12वीं वेतन 12000 से 15000 मो- 9752841977, 9752391977.(आरो-843)

टेक्नीशियन/हेल्पर

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के सभी जिलों मे सीसीटीवी अलार्म सिस्टम लगाने एंव मेन्टेंनश कार्य हेतु, टेक्नीशियन वायरमैन, हेल्पर फील्ड वर्कर जो बाहर आने जाने हेतु कार्य कर सके। संपर्क- गेटवे सिक्योरिटी सॉल्यूशन रायपुर 9424267185, 9112114811. (आरो-847)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576. (आरो-840)

वायरिंग कार्य

आवश्यकता है- पेनल वायरिंग संबंधित कार्य करने हेतु फ्रेशर लड़को की आवश्यकता है। संपर्क करें:- साकेत इलेक्ट्रीकल्स, परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9826160381, 9754428361.(आरो-069)

पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में पैकिंग कार्य लेडीज व लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 0771-4075490, 79879 27854, 9753674707.(आरो-844)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(आरो-068)

आवश्यकता

आवश्यकता है- अनुभवी प्रोफेशनल्स की आवश्यकता है। आईटी / सॉफ्टवेयर सपोर्ट इंजीनियर (ग्रेजुएशन / डिप्लोमा)- 1 पोस्ट इंटरकॉम टेक्निशियन - 1 पोस्ट सीसीटीवी टेक्निशियन - 2 पोस्ट्स अपना सीवी 9755763666 पर व्हाट्सएप या snaco43@gmail.com पर मेल करें।(आरो-111)

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर काम करने हेतु महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है संपर्क करें जय जवान पेट्रोल पंप मरीन ड्राइव के पास तेलीबांधा रायपुर छत्तीसगढ़ मो- 9827141707.(आरो-4171)

Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - निःशुल्क छत्तीसगढ़िया ज्योतिष - विचार दिखाइया,बईगा, अवइया 3 महीना अड़चन रही, ग्रह, नक्षत्र, अऊ बाहरी के काली माई के शक्ति ले आर्थिक मानसिक, शारीरिक सब्बो चिंता दूर होही 1 बेर जरूर मिलव मों- 8461886239. (आरो-845)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट टुकड़ों में उपलब्ध। सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित प्लॉट 75.5×54= 4077 वर्गफुट। सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)

For Rent किराया

किराये से देना है- मैग्नेटो माल स्थित आफिजो में नं. 515 फर्नीश्ड एयरकंडीशण्ड आफिस किराये से देना है। एरीया 480 वर्गफिट। केबिन व वर्क स्टेशन बना हुआ है। संपर्क करें- मों. 7591088888. (आरो-17)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में फिर किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर

96302-33918, 9238384295

नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

CLASSIFIED RATE CARD हरिभूमि

01 अप्रैल 2025 से लागू

समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

10X1 FIX SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com | Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

RAIPUR SMART BUSINESS

AUDIT 15,000/- से शुरू

◆ GST रजिस्ट्रेशन 500/- ◆GST फाइलिंग 500/-
◆ Income Tax ITR फाइल मात्र 500/-
• MSME • TDS • CMA DATA • फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता onlytds.com
पता- सी-74, सेक्टर-1, जुबेस्ता हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाऐ 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

कमरे रिसर्च एण्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड

सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD) (चर्म रोग विशेषज्ञ)

निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट) रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग

98271-99213,94255-55659 96177-89223,93032-42200

गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

जैकेट के शेष

रायपुर में 441 को नोटिस, धमतरी में ...

विभागों पर बिजली बिल का बकाया न हो। बिल जमा न होने पर पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार से ही बजट में बिल के भुगतान के लिए आग्रह करना पड़ता है। जानकारों का कहना है कि हर विभाग के लिए बिजली बिल के लिए अलग से फंड होने के बाद भी सरकारी विभाग बिजली बिल जमा ही नहीं करते हैं। इन विभागों की बिजली कभी कट भी नहीं होती है। लेकिन अब बिजली कट करने का फैसला किया गया है।

रायपुर में 441 को नोटिस : राजधानी रायपुर में तीन हजार से ज्यादा सरकारी कनेक्शन हैं। इसमें से 441 को नोटिस दिया गया है। सर्किल एक में 322 और सर्किल दो में 119 विभागों को नोटिस जारी किए गए हैं। इतने कम हो नोटिस के बारे में अधिकारी बताते हैं कि जो भी आम जनता से जुड़े कनेक्शन हैं जैसे नगर निगम के पंप हाउस जिसने पानी सप्लाई होती, स्ट्रीट लाइटें, अस्पताल, स्कूल, पुलिस थाने, ट्रैफिक सिग्नल सहित अन्य सेवाएं शामिल हैं, उनको अभी अभियान से अलग रखा गया है। लेकिन आने वाले समय में इनका बकाया जमा न होने इस पर कार्रवाई की जा सकती है।

बकाया साढ़े तीन हजार करोड़ ...

और 438 करोड़ का बकाया और रह गया। इसके पहले 2025 मार्च की स्थिति में बकाया 2444.91 करोड़ था जो मार्च 2026 में 2883.42 करोड़ हो गया। अब यह बकाया और बढ़ गया है।

छत्तीसगढ़ के 16 वें मुख्य न्यायाधीश...

को राष्ट्रपति द्वारा जारी मूल वारंट की प्रति सौंपी। राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश श्री महापात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री तोखन साहू, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, राज्य सभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, विधायक सुनील सोनी, अनुज शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री महापात्र की धर्मपत्नी श्रीमती अनिता महापात्र सहित छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीशगण उपस्थित थे। सीएस ने किया वाचनः शपथ ग्रहण समारोह का संचालन प्रदेश के मुख्य सचिव विकास शील द्वारा किया गया। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा जारी वारंट का वाचन किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव गृह विभाग श्रीमती निहारिका बारिक, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, महाधिवक्ता विवेक शर्मा, हाईकोर्ट बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव सहित राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं हाईकोर्ट के अधिवक्तागण उपस्थित थे।

लंबे समय तक निलंबन दंड का...

सिंगल बेंच का आदेश रद्द करते हुए राज्य सरकार की अपील स्वीकार कर ली। साथ ही सक्षम प्राधिकारी को निलंबन जारी रखने की आवश्यकता पर नए सिरे से निष्पक्ष विचार करने का निर्देश दिया। मामला कोरबा कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी से जुड़ा है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 509(बी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। 48 घंटे से अधिक हिरासत में रहने के कारण उसे 25 मार्च 2022 के आदेश से 23 मार्च से निलंबित किया गया। 20 अप्रैल 2022 को विभागीय चार्जशीट भी तामील कर दी गई। हालांकि 90 दिनों के भीतर निलंबन विस्तार का आदेश नहीं हुआ और करीब डेढ़ साल बाद 28 अगस्त 2023 को विस्तार आदेश जारी किया गया। कर्मचारी ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 18 जनवरी 2024 को सिंगल बेंच ने मूल निलंबन और विस्तार आदेश रद्द कर तत्काल बहाली के निर्देश दिए थे। इसके खिलाफ कलेक्टर कोरबा ने देरी माफी के साथ रिट अपील दायर की।

देश के 130 में से 108 शहरों की हवा सुधरी...

14 शहर ही राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों को हासिल कर पाए। अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के मौके पर सोमवार को पर्यावरण मंत्रालय ने 5वें स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 के नतीजे जारी किए और बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों व वार्डों को सम्मानित किया। सर्वेक्षण में 130 शहरों को आबादी के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया था। बड़े शहरों की श्रेणी में लखनऊ पहले, इंदौर दूसरे और जबलपुर तीसरे स्थान पर रहे। लखनऊ का पीएम 10 स्तर 2017-18 के मुकाबले 2025-26 में 46.64 फीसदी घटा।मध्यम आबादी वाले शहरों में राउरकेला पहले, फिरोजाबाद दूसरे और अमरावती तीसरे स्थान पर रहे। फिरोजाबाद में **PM**10 का औसत स्तर 2017-18 के 247 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 2025-26 में 100 माइक्रोग्राम रह गया, यानी 59.5 फीसदी सुधार। यहां मैकेनिकल रोड स्वीपिंग, सड़क पक्की करने और पौधे लगाने जैसी पहल की गईं। तीसरी श्रेणी यानी तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में कलिंगा नगर, अंगुल और तालचेर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कलिंगानगर में पीएम 10 में 15.59 फीसदी सुधार दर्ज किया गया। यहां कचरा प्रबंधन, ई-वाहनों से कूड़ा उठाने और पौधरोपण पर जोर दिया गया। **रायपुर छठे स्थान पर** : केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में रायपुर ने 189 अंक हासिल कर छठी रैंक प्राप्त की है। पिछले वर्ष रायपुर 184 अंकों के साथ 11वें स्थान पर था। यानी एक साल में स्कोर पांच अंक बढ़ा और रैंकिंग में पांच स्थान का सुधार हुआ। 2024 में रायपुर आठवें और 2023 में 16वें स्थान पर था। सर्वेक्षण की वार्ड स्तरीय रैंकिंग में भी छत्तीसगढ़ के शहरों ने जगह बनाई है। 30 हजार से अधिक आबादी वाले वार्डों की श्रेणी में रायपुर के वार्ड 46 आरएमसी को राज्य स्तर पर स्थान मिला है। वहीं 10 हजार से 30 हजार आबादी वाली श्रेणी में रायपुर के वार्ड 30 आरएमसी को जगह मिली। 10 हजार से कम आबादी वाली श्रेणी में भिलाई के वार्ड पांच कोसा नगर का चयन हुआ है।

अब 25 दिन में ही बुक होगा ...

ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से एलपीजी आपूर्ति पर बने दबाव के बीच गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग का अंतराल शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन कर दिया गया था। उन्होंने कहा, हालांकि, अब एलपीजी आपूर्ति की स्थिति में सुधार और रिफिल के लंबित मामलों में उल्लेखनीय गिरावट को देखते हुए सरकार ने इस पाबंदी में ढील दी है। अब शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सभी घरेलू एलपीजी उपभोक्ता 25 दिन के अंतराल पर सिलेंडर की दोबारा बुकिंग करा सकेंगे।

पेज एक के शेष

जर्जर भवन निगल गया 7 जानें, मालिक...

लाया गया, जिनमें से तीन-असगर अली (30), नीरज बावा (19) और आदित्य कुमार (19) की हालत गंभीर है। अस्पताल ने कहा कि मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। अस्पताल ने एक बयान में कहा, 75 वर्षीय एक व्यक्ति सहित कुल सात लोगों की मौत हो गई है। एक व्यक्ति को छुट्टी दे दी गई और 19 वर्षीय नीतीश चिब की हालत स्थिर है। गुप्ता ने आसपास के 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) आवासों और भवनों की भी सघन जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान जिन भवनों में नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, उन्हें सील किया जाएगा।

अंधेरे में एकलव्य विद्यालय...कलेक्टर...

गठित कर जांच करने के निर्देश दिए। बता दें कि बतौली विकासखंड ग्राम शिवपुर में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय की 50 से अधिक छात्राएं अचानक ही स्कूल से उठकर कलेक्टर से मिलने के लिए पैदल ही निकल पड़ी। छात्राओं के इस निर्णय से स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। छात्राएं पैदल ही शिवपुर से अंबिकापुर कलेक्टर कार्यालय जाने के लिए निकली थी। ऐसे में छात्राओं के पीछे प्राचार्य, शिक्षक भी पैदल दौड़ लगाने लगे। इस घटना की सूचना मिलने के बाद शिक्षा विभाग और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसी ट्राइबल ललित शुक्ला भी मौके पर पहुंचे और छात्राओं को रोककर उनसे बात करने का प्रयास किया लेकिन छात्राएं किसी से बात करने को तैयार नहीं थी। उनकी जिद थी कि वे कलेक्टर से मिलकर उन्हें ही अपनी समस्याएं बताएंगी। काफी मान मनव्वल के बाद भी जब छात्राएं नहीं मानी तो उनके लिए पानी और बिस्किट की व्यवस्था की गई। लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करने के बाद छात्राओं को लमगांव में बस व चार पहिया वाहन बिठाया गया और वाहनों के माध्यम से कलेक्टोरेट तक लाया गया।

प्राचार्य को दी गई थी शिकायत : इस तरह छात्राओं का पैदल निकलने से एक तरह जहां प्रशासन में हड़कंप मच गया वहीं एनएच 43 पर छात्राओं की सुरक्षा भी चिंताजनक थी। बैठक में छात्राओं ने कलेक्टर से बताया कि उन्होंने समस्याओं को लेकर स्कूल के प्राचार्य से शिकायत की थी लेकिन प्राचार्य उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि छात्रावास में एक महीने से अधिक समय से विद्युत गोल रहने को लेकर कोई जानकारी प्राचार्य ने एसडीएम, कलेक्टर तक को नहीं दी। एकलव्य आवासीय विद्यालय में एक डेढ़ माह से लाईट नहीं होना एक बड़ी लापरवाही को उजागर करता है।

कलेक्टर ने गठित किया जांच टीम : छात्रावास में लाइट गुल होने को कलेक्टर अजीत वसंत ने भी गंभीर समस्या माना है। उन्होंने सीएसपीडीसीएल को तत्काल समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को शिक्षकों की व्यवस्था और साफ सफाई के लिए भी आश्वासन दिया। कलेक्टर ने विद्यालय में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देशित किया। उन्होंने इस हेतु जांच दल गठित करने के निर्देश दिए तथा जांच पश्चात सम्बन्धित पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने आश्रम छात्रावासों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी छात्रावासों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

दिन में सिर्फ चार घंटे बिजली : कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कलेक्टर अजीत वसंत ने छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान छात्राओं ने बताया कि विद्यालय के छात्रावास में पिछले एक डेढ़ माह से लाईट कटी हुई है। होस्टल में दो डीजल जनरेटर है लेकिन उनसे भी दिन में सिर्फ चार घंटे ही बिजली मिलती है। ऐसे में छात्राओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम होते ही छात्राओं का परिसर अंधेरे में समा जाता है। छात्राओं को रात के समय पढाई में समस्या होती है। इसके साथ ही छात्राओं का कहना था कि स्कूल में केमेस्ट्री और फिजिक्स के शिक्षक सही तरीके से पढ़ाई नहीं करा रहे है। छात्रावास के मेस में साफ सफाई की कमी है। गन्दगी के बीच खाना बनाया जाता है। छात्राओं ने कलेक्टर से तत्काल समस्याओं के निराकरण की मांग रखी।

यूथ कांग्रेस चुनाव में फिर विवाद...

के नाम चुनावी मुकाबले में प्रमुखता से सामने आए थे। ऐसे में दोनों नेताओं के नामांकन होल्ड होने से चुनाव की पारदर्शिता और प्रक्रिया को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। **पहले भी नामांकन को लेकर हुआ था विवाद** : युवा कांग्रेस चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही नामांकन और पात्रता को लेकर विवाद सामने आते रहे हैं। इससे पहले भी कुछ दावेदारों के नामांकन होल्ड किए गए थे, जबकि स्क्रूटनी के दौरान कुछ उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त किए गए। उपलब्ध रिपोर्टों के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया को लेकर दावेदारों की शिकायतों पर सुनवाई भी हुई थी। **चेलक-बंजारे के बीच मुकाबला चर्चा में** : प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 17 दावेदार मैदान में बताए गए हैं। इनमें सत्येंद्र चेलक और शैलेंद्र बंजारे के बीच मुकाबला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा है। चुनावी समीकरणों में दोनों नेताओं को अलग-अलग राजनीतिक खेमों के समर्थन से जोड़कर देखा जाता रहा है, हालांकि ऐसे कई दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। **30 अगस्त से शुरू हुई ऑनलाइन चुनाव प्रक्रिया** : छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का चुनाव 30 अगस्त से शुरू हुआ है और 29 सितंबर तक ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए चलना है। पात्र सदस्य प्रदेश अध्यक्ष समेत संगठन के विभिन्न पदों के लिए मतदान करेंगे। एक सदस्य को अलग-अलग संगठनात्मक पदों के लिए छह वोट डालने की व्यवस्था बताई गई है।

आज शाम तक...

पारदर्शी प्रक्रिया को में रखते हुए आपका नामांकन तत्काल प्रभाव से होल्ड किया जाता है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप 8 सितंबर को शाम 7:00 बजे तक अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। आपके विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई क्यों न की जाए? निर्धारित समय-सीमा में लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि इस संबंध में आपको कोई आपत्ति/स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करना है और आपने इसे स्वीकार किया है तदनुसार आपके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया पर एक घंटे में किए 7 पोस्ट

ट्रम्प ने ईरान के मैप पर खुद की फोटो लगाई, खर्ग के लिए लिखा बाय-बाय

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल और पिकैक्स माउंटेन पर हमलों की धमकी के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के बारे में नए पोस्ट किए हैं। ट्रंप ने पश्चिम एशिया का नक्शा शेयर करते हुए ईरान के मैप को अपने सिर के आकार में दिखाया है। यानी एक तरह से उन्होंने ईरान पर अमेरिका के कब्जे की धमकी दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने हालिया दिनों में बार-बार ऐसे बयान दिए हैं, जो ईरान पर बड़े पैमाने पर अटैक का संकेत देते हैं। अमेरिका-इजरायल ने इस साल 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए थे। इसके बाद से ही दोनों पक्षों में लड़ाई चल रही है। ट्रंप के हालिया बयान ईरान पर नए सिरे से बड़े हमले का अंदेशा पैदा कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर कई पोस्ट की हैं। इनमें से एक पोस्ट में ईरान के नक्शे पर ट्रंप का चेहरा दिखाया गया, जिसमें बिफॉर और आफ्टर लिखा गया है। यानी अभी जो ईरान का नक्शा है, वह अमेरिकी हमले के बाद पूरी तरह से ट्रंप के अनुरूप हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का नाम बदलकर ट्रंप स्ट्रेट रखने की बात भी कह चुके हैं।

भीषण हमले का माना जा रहा इशारा



होर्मुज स्ट्रेट पर दावे

ट्रंप ने होर्मुज ऑयल वॉल्यूम्स आर बैक शीर्षक वाला एक ग्राफिक पोस्ट किया है। इसमें ईरान और ओमान के बीच के संकरे जलमार्ग का नक्शा दिखाया गया। साथ ही ऐसे आंकड़े थे, जिनमें दावा किया गया था कि तेल की मात्रा बढ़कर 18 मिलियन बैरल प्रति दिन हो गई है, जबकि टकराव से पहले यह 20 मिलियन बैरल प्रति दिन थी।

बाय-बाय खर्ग : *ट्रंप ने सोशल मीडिया पर चार्ट से हटकर एक कहीं अधिक नाटकीय तस्वीर दिखाई। इसे बाय-बाय खर्ग शब्दों के साथ शेयर किया गया। **AI**-जनरेटेड ग्राफिक में एक लड़ाकू विमान को विस्फोटों और आग की लपटों से घिरे तेल संयंत्र की ओर तेजी से बढ़ते हुए दिखाया गया है। यह तस्वीर खार्ग द्वीप पर हमले की संभावना को दर्शाती है, जो ईरान का मुख्य कच्चा तेल निर्यात केंद्र है। ट्रंप के बयानों का सिलसिला एक व्यापक संदेश के साथ समाप्त हुआ। अंतिम ग्राफिक में ईरान का नक्शा था और उस पर लिखा था ईरान एक विफल राष्ट्र है। ट्रंप की पोस्ट का उद्देश्य ईरान को हर तरफ से दबाव में दिखाना था। उसका तेल निर्यात दबाव में है और प्रमुख ऊर्जा बुनियादी ढांचे को खतरों का सामना करना पड़ रहा है।*

बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को दिया आदेश

युवक की अवैध हिरासत, सरकार को देना होगा 2 लाख मुआवजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध हिरासत के मामले में 26 वर्षीय युवक को 2 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य पुलिस के उस



आदर्श वाक्य की भी याद दिलाई, जिसमें अच्छे लोगों की रक्षा और बुराई को दंडित करने की बात कही गई है। हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के और जस्टिस राज वाकोडे ने 31 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा कि अकोला पुलिस ने याचिकाकर्ता वैभव सूर्यवंशी को अवैध तरीके से हिरासत में लेकर उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जो लोग आपराधिक कानून का प्रशासन करने के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि उनका कर्तव्य केवल उनके सामने मौजूद आरोपी व्यक्ति के प्रति ही नहीं, बल्कि राज्य और पूरे समाज के प्रति भी है।

हाईकोर्ट ने क्या कहा

हाईकोर्ट ने कहा कि यह याद दिलाना प्रासंगिक होगा कि महाराष्ट्र राज्य पुलिस का आदर्श वाक्य 'सद्रक्षणाय खलनिग्रहणाय' यानी अच्छे लोगों की रक्षा करना और बुराई को दंडित करना है, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए।' कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को याचिकाकर्ता को 2 लाख रुपये का मुआवजा आठ सप्ताह के भीतर देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि पुलिस से जुड़े ऐसे मामले आपराधिक न्याय व्यवस्था में लोगों के भरोसे को निजी व्यक्तियों से जुड़े मामलों की तुलना में कहीं ज्यादा कमजोर करते हैं। याचिकाकर्ता ने दो अकोला पुलिस अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की थी।

मेक्सिको : आतिशबाजी के दौरान धमाका 10 लोगों की मौत

मेक्सिको। मेक्सिको में धार्मिक उत्सव के दौरान शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां आतिशबाजी के सामान में जोरदार धमाका होने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। धमाके के बाद आग फैल गई और चर्च की दीवारों का एक हिस्सा भी गिर गया। हादसा मध्य मेक्सिको के मेक्सिको राज्य के टेमास्कालसिंगो नगरपालिका के सांता मारिया कांचेस्दा गांव में हुआ। उस समय गांव में धार्मिक उत्सव चल रहा था और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोग भूसे से बने बैल की आकृति लेकर चलते नजर आ रहे हैं।

200 से ज्यादा उड़ानें डायवर्ट, 8 एयरपोर्ट बंद

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट से हड़कंप, 50 हजार फीट तक राख का गुबार



जकार्ता। इंडोनेशिया में एक ज्वालामुखी के अचानक सक्रिय होने से हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आसमान में हजारों फीट ऊपर तक पहुंची राख ने कई इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बाद देश के आठ एयरपोर्ट बंद करने पड़े। इस प्राकृतिक आपदा के चलते हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए हैं और बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। ज्वालामुखी से निकल रही राख के कारण स्थिति लगातार बदल रही है। सोमवार सुबह तक करीब 1.70 लाख यात्रियों के प्रभावित होने और 1,550 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने की जानकारी सामने आई है। अधिकारियों ने लोगों को ज्वालामुखी के क्रेटर से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी है।

Office of Municipal Council Kanker, Dist. - Uttar Bastar Kanker (C.G.)

S.No./849/850/NPP/2026 KANKER, DATE 07.09.2026

E-Tender

Online Bids invited from Registered Contractors under CG PWD Details as follows-

No.	System Tender No.	Detail of Work	Contract Amt (in Lacs)	Last Date & Time for download Tender	Tender Call
1	198945	CONSTRUCTION OF MUKTIDHAM AT ALLBELAPARA WARD NO. 01 KANKER	48.83	28.08.2026 Till 5.30 PM	First Call
2	198924	CONSTRUCTION OF GHADI CHOWK NEAR NALANDA PARISHAR KANKER	47.65	28.08.2026 Till 5.30 PM	Second Call

Detailed N.I.T. & Terms condition can be viewed and downloaded from http://eproc.cgstate.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Kanker

कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक / 441 / लो.नि.वि./न.पंचा./2026 चारामा दिनांक - 07.09.2026

ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	198876	उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य चारामा-4	12.75	22-09-2026 (17:30)

टीप :- अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा
जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-A - अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत पठित।

पंजीकृत कार्यालय: ओबी मंजिल, जेकेहिरा भवन 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन: 011-23357171, 23367172, 23705414, वेबसाईट:www.pnbhousing.com

शा.का.-रायपुर: तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़।

आम जनता को, और विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां), जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) मैसर्स - पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार ''जैसा है, जहां है, जो है और जो कुछ भी उपलब्ध है'' के आधार पर बेचा जाएगा। ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले/उनके कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, और संबंधित ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले (मृतकों) के उत्तराधिकारियों को, जैसा कि सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है। दिनांक के अनुसार संशोधित), एतद्वारा सूचित किया जाता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋणधारक, जमानतदार गैर उत्तराधिकारी ऋण संख्या के नाम (ए)	मांगी गई राशि और दिनांक (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरओपी) (ई)	ईएमडी (आरओ का 10%) (एफ)	प्रस्तुति की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	बकाए का भुगतान (केएल कॉल्स के अलावा)
एचजीएह/आरएआई/1122/1048643 सचिन कुमार गंदाम/ नीता गोदाम, शा.का.: रायपुर	रु. 11,77,883.36 एवं 06-03-2025	भौतिक कब्जा	मकान नंबर ईआई छ.ग.हाउसिंग बोर्ड, आकिल नगर दुर्ग, तह. और जिला दुर्ग, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001, भारत	रु. 9,79,000	रु. 97,900	23/09/2026	रु. 10,000	16-09-2026 घंटवार 12:00 से शाम 04:00 बजे तक	24-09-2026 घंटवार 2:00 से शाम 03:00 बजे तक	ज्ञात नहीं
एचजीएह/आरएआई/1116/331294, लक्ष्मी गुप्ता/रवासला राव सुदा, शा.का.:रायपुर	रु. 18,51,821.51 एवं 11-02-2026	भौतिक कब्जा	फ्लैट नंबर 206, दूसरी मंजिल, स. नं. 845/1 का भाग। स्व/9, प.ह.नं. 19/29, मौज-गोपला, श्री सिद्धि विनायक ग्रांड्यूर, विकास खंड - बिल्हा, तहसील और जिला-बिलासपुर, गोपला, रा.नि.नं. बिलासपुर, बिलासपुर	रु. 18,72,000	रु. 8,87,200	23/09/2026	रु. 10,000	16-09-2026 घंटवार 12:00 से शाम 04:00 बजे तक	24-09-2026 घंटवार 2:00 से शाम 03:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

बिलासपुर (सी.जी.एच.), छत्तीसगढ़-493110, बिलासपुर(सी.जी.एच.), भारत।

*लागू होने पर 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, भुगतान और/या प्राप्ति की तिथि तक हुए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, कॉलम संख्या-के में उल्लिखित जानकारी के अलावा, उपर्युक्त अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है। ऐसे अन्य भारों का भुगतान सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लिखित भारों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। (1.) आज की तारीख तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री, हस्तांतरण और/या निपटान से रोकने वाला कोई आदेश या न्यायालय का निषेधाज्ञा नहीं है, और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लिखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष कॉलम संख्या-के में उल्लिखित कार्यवाही/आदेश आदि में उल्लिखित दलीलों या स्वतंत्र रूप से निरीक्षण कर सकते हैं, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व दस्तावेजों का स्वामित्व भी शामिल है, और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं को संतुष्ट कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली पत्र के साथ इस नीलामी के नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीददार विक्रय मूल्य की राशि का 25 प्रतिशत। (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) सहित) जमा करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि खरीददार द्वारा बयाना राशि की स्वीकृति की तिथि से 15 दिनों के भीतर या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करनी होगी। बिक्री की पुष्टि केवल बोलीदाता/बोलीदाताओं के पक्ष में बिक्री की पुष्टि तभी की जा सकती है जब बिक्री पुष्टिकरण पत्र के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत प्राप्त हो जाए। ऐसी जमा राशि का भुगतान न करने की स्थिति में, अधिकृत अधिकारी बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति तिथि से 15 दिनों के भीतर बिक्री राशि के आंशिक भुगतान को जब्त कर लेगा और संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पुनर्विक्रय किया जाएगा। (4.) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अधिकृत अधिकारी को ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री आयोजित करने में सहायता करेगी, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में स्थित है। वेबसाइट-www.bankeauctions.com। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, और किसी अन्य प्रश्न या पूछताछ के लिए, आपको विवेक लोढ़ा से संपर्क करना होगा। टोल फ्री नंबर-1800 120 8800, ई-मेल: auction@pnbhousing.com, PNBHFL का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।

स्थान: रायपुर दिनांक:- 08-09-2026 सही /- अधिकृत अधिकारी

इस साल त्योहारों में नहीं मिलेंगे ऐसे ऑफर? 50% डिस्काउंट या 2 पर 1 मुफ्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए कपड़े खरीदने के लिए अगर आप त्योहारों का इंतजार कर रहे हैं ताकि डिस्काउंट मिल सके तो आपको निराशा हाथ लग सकती है। इस साल फेस्टिव सीजन में आपको बहुत कम या न के बराबर डिस्काउंट देखने को मिल सकता है।

- कपड़ा उद्योग ने इस बार डिस्काउंट से दूरी बनाने का फैसला किया है

रिटेलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ कुमार राजगोपालन ने कहा है कि कपड़ा उद्योग ने इस बार डिस्काउंट से दूरी बनाने का फैसला किया है। उनके बयान के अनुसार, 'खुदरा व्यापारियों ने मैन्युफैक्चरिंग, ट्रांसपोर्ट और फाइनल पैकेजिंग की बढ़ती कॉस्ट को ध्यान में रखते हुए इस बार डिस्काउंट से दूरी बनाने का फैसला किया है।

उद्योग ने निर्माण, ट्रांसपोर्ट और पैकेजिंग की बढ़ती लागत को ध्यान रख डिस्काउंट से दूरी बनाई

कच्चे माल की स्थिति

राजगोपालन का कहना है कि मैन मेड फाइबर की लागत बढ़ने के साथ-साथ ईंधन की वजह से इनपुट कॉस्ट 15-20 फीसदी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में जो लागत बढ़ी उसका बोझ रिटेलर्स ने खुद ही झेला। उन्होंने कहा कि वैश्विक तनाव के कारण सप्लाई चेन को लेकर अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है।



स्टाफ की कमी

राजगोपाल के अनुसार, रिटेल मार्केट के पास एक समस्या स्टाफ की कमी भी है। खासतौर पर दिल्ली और चेन्नई के खुदरा कपड़ा व्यापारियों के पास लोग नहीं हैं। जो लोग मिल रहे हैं वह काम के लिए सही नहीं हैं। राजगोपालन के अनुसार, 10 में से कोई 1 ही ऐसा मिल पा रहा है जो उस काम के लिए सही एटीट्यूड रखता हो।



सप्लाई चेन प्रभावित

सप्लाई चेन प्रभावित होने के कारण रिटेलर्स के पास एक और समस्या खड़ी हो गई है। राजगोपालन की माने तो रिटेलर्स ने ओवरस्टॉकिंग से बचने के लिए माल कम मंगाया, अब उनके पास स्टॉक की ही कमी हो गई है। कंपनियां अब इस समस्या से निपटने के लिए बफर स्टॉक को बढ़ा रही हैं।

बड़ी कंपनियों को होगा कुछ फायदा

सीईओ ने आगे कहा कि इस बार लोगों को डिस्काउंट से नहीं नए-नए या अलग प्रोडक्ट्स से लुभाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि रिटेल शॉप्स को ग्राहकों को बेहतर अनुभव भी देना होगा ताकि लोग उनके पास आएं। बकौल राजगोपालन, बड़ी कंपनियों को फिर भी कुछ मुनाफा मिलेगा लेकिन रिटेलर्स को इस बार कितना फायदा होने वाला है इस पर संशय है। बता दें कि रिलायंस रिटेल, टाटा का ट्रेंट, अरविंद फैशन और आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल इस एसोसिएशन के सदस्य हैं।

खबर संक्षेप

आरबीएल बैंक एफआई से एक अरब डॉलर जुटाएगा



नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के ऋणदाता आरबीएल बैंक ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने बॉन्ड जारी कर विदेशी निवेशकों से एक अरब अमेरिकी डॉलर तक जुटाने को मंजूरी दी है। निदेशक मंडल ने अमेरिकी प्रतिभूति अधिनियम, 1933 के तहत एक 'यूरो मीडियम टर्म नोट प्रोग्राम' को मंजूरी दी है।

मॉल्बियो ने 52.7 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

नई दिल्ली। मॉल्बियो डायग्नोस्टिक्स ने वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में 52.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 'टूनेट जांच किट' की खपत में लगातार बढ़ोतरी से उसका प्रदर्शन बेहतर हुआ। कंपनी ने 2025-26 की समान तिमाही में 23.94 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था।

दवा उद्योग से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित किया केंद्रीय मंत्री ने

चिकित्सा क्षेत्र में परीक्षण उपकरणों का 100 प्रतिशत खर्च उठाएगी सरकार : गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि सरकार परीक्षण उपकरणों की खरीद के लिए 100 प्रतिशत धन उपलब्ध कराने को तैयार है।

यहां दवा उद्योग से जुड़े दो कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू कंपनियों को प्रौद्योगिकी साझेदारी करनी चाहिए, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देना चाहिए तथा वैश्विक नवोन्मेषकों और बड़ी दवा कंपनियों को भारत आने के लिए आमंत्रित करना चाहिए।

घरेलू क्षमताओं को मजबूत किया जाएगा

गोयल ने कहा, "हमें उच्च गुणवत्ता के साथ अपनी घरेलू क्षमताओं को मजबूत कर महत्वपूर्ण कलपुर्जों का परिवेश तैयार करना चाहिए। हमें साझा परीक्षण बुनियादी ढांचा सुविधाएं बनानी चाहिए, जहां इन उपकरणों का परीक्षण और मूल्यांकन किया जा सके, उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मानकों के अनुरूप परखा जा सके और वैश्विक ग्राहकों के लिए प्रमाणित तथा प्रदर्शित किया जा सके।"



मरीजों को बीमा का भुगतान समय पर मिलें

मंत्री ने बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी कंपनियों से ऐसे उत्पाद और मंच विकसित करने को कहा, जिससे मरीजों के लिए इलाज की प्रक्रिया अधिक सुगम हो और उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। उन्होंने उद्योग से देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित और प्रमाणित करने तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम कुशल कार्यबल तैयार करने का भी आह्वान किया। उन्होंने अधिक अस्पतालों को ईमानदार और पारदर्शी उपचार पैकेज प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही।

लक्ष्य एक करोड़ मरीजों को सेवाएं देने का हो

गोयल ने कहा कि भारतीयों और विदेशियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। विदेशी मरीजों को आकर्षित करने के लिए गोयल ने विभिन्न देशों से आने वाले और अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले मरीजों के लिए दुभाषियों का एक समूह तैयार करने का सुझाव दिया। गोयल ने कहा, "पिछले सात वर्षों में भारत के चिकित्सा मूल्य पर्यटन से जुड़े तंत्र से 35 लाख मरीज लाभान्वित हुए हैं। देश का लक्ष्य हर साल एक करोड़ मरीजों को सेवाएं देने का होना चाहिए।"

- वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता उपकरण विकसित करने पर जोर
- घरेलू कंपनियों को प्रौद्योगिकी साझेदारी करनी चाहिए
- बड़ी दवा कंपनियों को भारत आने के लिए आमंत्रित करना चाहिए

अस्पतालों को नैतिक तौर-तरीकों का पालन करना चाहिए

गोयल ने कहा कि अस्पतालों को नैतिक तौर-तरीकों का पालन करना चाहिए और मरीजों को ठगने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक गलत कदम से भारत की साख, कारोबार और विश्वसनीयता को नुकसान पहुंच सकता है।गोयल ने कहा कि दुनिया भर में प्रदर्शनियों और प्रस्तुतियों का आयोजन करने, सुविधा केंद्र स्थापित करने और वैश्विक स्तर पर अस्पतालों के साथ समझौते करने की जरूरत है।

हम सबसे आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के माध्यम से हम आपके उपकरणों के लिए सर्वश्रेष्ठ परीक्षण उपकरणों की लागत का 100 प्रतिशत वहन करने को तैयार हैं...भारत सरकार परीक्षण उपकरणों की खरीद के लिए 100 प्रतिशत धन देगी। आप हमसे मांग करें, आपकी ओर से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। हम सबसे आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे।"

चंद्रशेखरन का यात्रियों का भरोसा फिर जीतने पर जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि एक महत्वपूर्ण नए चरण में प्रवेश कर रही एयर इंडिया को यात्रियों का भरोसा दोबारा कायम करने और अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता है।

- नए सीईओ बोले- एयर इंडिया का गौरव वापस लाएंगे

वहीं, एयरलाइन के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेवोल्डे गेब्रेमरियम ने कर्मचारियों से एयरलाइन के पुराने गौरव को लौटाने में मदद करने का आह्वान करते हुए कहा, 'मेक एयर इंडिया ग्रेट अगेन' (एयर इंडिया को फिर से महान बनाएंगे)। उन्होंने 20 फरवरी, 2027 को अपना मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने पर टाटा संस के चेयरमैन पद से हटने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद यह उनका पहला टाउन हॉल संबोधन था।



एआई को खड़ा करने 10 साल लग सकते हैं : चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया को पूरी तरह खड़ा करने में तेजी से बदलाव के बजाय पांच से 10 साल का समय लग सकता है। एयर इंडिया के अधिग्रहण और बाद में विस्तारा के विलय के बाद से समूह नए विमानों के बेड़े, केबिन नवीनीकरण, प्रौद्योगिकी और एकीकरण में भारी निवेश कर रहा है। घाटे को नियंत्रित करने के टाटा समूह के प्रयासों के बीच एयर इंडिया ने 500 से अधिक नए विमान का ऑर्डर भी दे रखा है, जिससे भविष्य में बड़ी पूंजी लगाने की प्रतिबद्धता बनी हुई है।

चेयरमैन ने औपचारिक रूप से 61 वर्षीय नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक गेब्रेमरियम का परिचय कराया, जो कैंपबेल विल्सन की जगह ले रहे हैं।

कर्मचारी बुनियादी बातों पर फिर ध्यान दें: गेब्रेमरियम

इस पृष्ठभूमि में, गेब्रेमरियम ने एयर इंडिया के कर्मचारियों को अपने पहले संबोधन में विमानन परिचालन की बुनियादी बातों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इथियोपियन एयरलाइंस समूह के पूर्व मुख्य कार्यकारी ने कहा कि एयर इंडिया के पास एक समृद्ध विरासत, एक मजबूत ब्रांड और अपार संभावनाएं हैं। उनके पास इस उद्योग में लगभग चार दशक का अनुभव है।

टाटा-बोइंग ने अपाचे हेलिकॉप्टर का 400वां 'फ्यूजलेज' किया तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड (टीबीएएल) ने हैदराबाद स्थित अपनी अत्याधुनिक सुविधा से एएच-64ई अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर के लिए 400वें ढांचे (फ्यूजलेज) का सफलतापूर्वक निर्माण पूरा कर लिया है। टीबीएएल ने आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। टीबीएएल, बोइंग और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) का संयुक्त उद्यम है। टीबीएएल के बयान के अनुसार, इन ढांचों का निर्माण भारत में किया जाता है और दुनिया भर में आपूर्ति किए जाने वाले अपाचे हेलिकॉप्टर में लगाए जाते हैं। इनमें अमेरिकी सेना को आपूर्ति किए जाने वाले हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ 2025 में भारतीय सेना को सौंपे गए छह अपाचे हेलीकॉप्टर भी शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के पास 22 एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टर हैं। बयान में कहा गया, /"टीबीएएल ने हैदराबाद में 52,000 वर्ग मीटर के अपने संयंत्र से दुनिया के सबसे उन्नत और प्रमाणित लड़ाकू हेलिकॉप्टर एएच-64ई अपाचे के लिए 400वें ढांचे को सफलतापूर्वक तैयार कर लिया है।



सेंसेक्स 383 अंक टूटा, निफ्टी पहुंचा 23,800 अंक के नीचे



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 383 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 119 अंक नीचे आया। कच्चे तेल के दाम में तेजी, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की संभावना से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 382.62 अंक टूटकर 76,132.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 544.91 अंक की गिरावट के साथ 75,970.52 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 23 नुकसान में रहे जबकि सात में तेजी रही।

इंडसइंड बैंक जल्द शुरू करेगा ब्रोकिंग कारोबार

नई दिल्ली। इंडसइंड बैंक अपने उत्पादों की पेशकश बढ़ाने और शुल्क आधारित आय में वृद्धि की रणनीति के तहत जल्द ही ब्रोकिंग कारोबार शुरू करेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने बैंक को शेयर ब्रोकिंग कारोबार के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी स्थापित करने और उसमें इक्विटी पूंजी लगाने की मंजूरी दी थी। सभी मंजूरियां मिल गई हैं... हम जल्द से जल्द ब्रोकिंग कारोबार शुरू करना चाहते हैं।

'फिजियो कार्निवल' से इट्सा ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



रायपुर। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर इट्सा हॉस्पिटल्स में सप्ताहभर चले 'फिजियो कार्निवल' का सोमवार को समापन हुआ। 1 सितंबर से आयोजित इस कार्यक्रम की थीम 'हीलिंग एंड इंस्पायरिंग विद एवरी मूवमेंट' रखी गई थी। आयोजन के जरिए लोगों को फिजियोथेरेपी, शारीरिक सक्रियता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

कार्निवल में मरीजों, परिजनों, डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारियों और इट्सा परिवार के सदस्यों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि समय पर शुरू की गई फिजियोथेरेपी दर्द कम करने के साथ मरीज की चलने-फिरने की क्षमता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने में मददगार हो सकती है।फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन विभाग की एचओडी डॉ. तनुश्री नेरल के नेतृत्व में 25 से अधिक फिजियोथेरेपिस्ट्स की टीम मरीजों को रिहैबिलिटेशन सेवाएं दे रही है। कार्निवल के दौरान प्रत्येक दिन अलग थीम पर गतिविधियां आयोजित की गईं। मरीजों और उनके परिजनों के लिए भी विभिन्न शारीरिक गतिविधियां और चुनौतीपूर्ण अभ्यास कराए गए। इसके जरिए इलाज में मरीजों की सक्रिय भागीदारी और परिवार के सहयोग के महत्व को सामने रखा गया।

फिजियोथेरेपी की एडवांस्ड सुविधाएं शामिल

इस अवसर पर इट्सा हॉस्पिटल्स ने सेंट्रल इंडिया की सबसे एडवांस्ड न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन सेवाओं और आधुनिक तकनीकों का भी प्रदर्शन किया। इनमें रोबोटिक गेट ट्रेनर, रोबोवॉक, रोबोटिक आर्म एवं हैंड ट्रेनर्स, रोबोटिक स्पाइनल डीकम्प्रेशन, एंटीग्रैविटी ट्रेडमिल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं रोबोटिक-असिस्टेड फिजियोथेरेपी जैसी एडवांस्ड सुविधाएं शामिल हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर कैंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटीस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधा : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172



क्वार्टर फाइनल में सबालेंका और अल्काराज

यूएस ओपन में गत चैंपियंस का जलवा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका और कार्लोस अल्काराज अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष रैंक वाली सबालेंका ने टेलर टाउनसेंड को 6-4, 6-3 से हराया। वहीं अल्काराज ने टॉमी पॉल को 6-4, 6-3, 6-4 से मात दी । अब सबालेंका का सामना विम्बलडन विजेता लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने मार्ता कोस्तियुक को 7-5, 5-7, 6-4 से हराया। वहीं दाहिनी कलाई में चोट के कारण चार महीने में पहला टूर्नामेंट खेल रहे अल्काराज का सामना अब अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा, जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास को शिकस्त दी।



शेल्टन ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन शानदार फॉर्म में हैं और उनका यूएस ओपन अभियान सही समय पर रफ्तार पकड़ चुका है। आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन ने चौथे दौर के मुकाबले में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। शेल्टन ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया और सितसिपास को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और तीनों सेट आसानी से जीते। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शेल्टन का सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा।

नवारो ने हासिल किया क्वार्टर फाइनल का टिकट

अमेरिका की एम्मा नवारो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में एना कलिनस्काया को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। नवारो ने मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और कलिनस्काया को वापसी का ज्यादा मौका नहीं दिया। पहले सेट को 6-4 से जीतने के बाद उन्होंने दूसरे सेट में और आक्रामक खेल दिखाया और 6-2 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। नवारो ने पहला सेट जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाया। दूसरे सेट में उन्होंने 5-1 की बड़ी बढ़त बनाई। एना कलिनस्काया ने एक बार सर्विस ब्रेक लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन वह मैच का रुख नहीं बदल सकीं। इसके बाद नवारो ने आठवें गेम में फिर से कलिनस्काया की सर्विस तोड़ी और सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट में 6-4, 6-2 से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया।

दलीप ट्रॉफी

ईशान ने 270 रन के स्कोर के साथ आठवां सर्वोच्च निजी स्कोर बनाया

700 रनों के पार ईस्ट जोन ईशान ने ठोका दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

साउथ जोन के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच में कप्तान ईशान किशन ने 270 रनों की पारी खेली, जिसके दम पर ईस्ट जोन का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है।

ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन तिहरा शतक बनाने से चूक गए। लेकिन साउथ जोन के खिलाफ उन्होंने कमाल की पारी खेली और सर्वोच्च निजी स्कोर के मामले में खास उपलब्धि हासिल की। इशान किशन 270 रन के स्कोर पर छक्का लगाने की कोशिश में आउट हुए। त्रिपूर्ण विजय की गेंद पर बाउंड्री के पास आर स्मरण के हाथों लपके गए। इशान किशन ने 334 गेंद का सामना किया और 30 चौके व सात छक्के लगाए। उनके तिहरे शतक से ईस्ट जोन की पहली पारी 708 रन के स्कोर पर समाप्त हुई। इस पारी में ईस्ट जोन ने कुल 163 ओवरों का सामना किया।

250 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हुए ईशान

इशान 250 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए। वे सातवां विकेट गिरने के बाद फिर से बैटिंग को आए। इसके बाद उन्होंने 20 रन जोड़े। इशान के पास तब मौका था कि वे तिहरा शतक लगाते और शायद इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च निजी स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाते। ईशान के लिए इसके लिए कोशिश भी की लेकिन सफलता नहीं मिली। वे पहले दिन के खेल में जब बैटिंग के लिए आए थे तब ईस्ट जोन का स्कोर तीन विकेट पर 147 रन था। उन्होंने फिर एक छोर थाम लिया और बाकी बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम को पहाड़ से स्कोर तक पहुंचा दिया। उन्हें शिखर मोहन (85), कुमार कुशाग्र (101), अनुकूल रॉय (45) और मोहम्मद कुनैन कुरैशी (40) का अच्छा साथ मिला।



दिनेश कार्तिक का रिकॉर्ड ध्वस्त

ईशान किशन बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज वह दलीप ट्रॉफी के फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने दिनेश कार्तिक के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। कार्तिक ने साल 2010 में दलीप ट्रॉफी के फाइनल में साउथ जोन की ओर से खेलते हुए 183 रनों की दमदार पारी खेली थी। ईशान दलीप ट्रॉफी के फाइनल में दोहरा शतक लगाने वाले पहले विकेटकीपर कप्तान भी हैं। ईशान वनडे इंटरनेशनल और दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

किशन ने जायसवाल जडेजा को पीछे छोड़ा

किशन ने 270 रन के स्कोर के साथ दलीप ट्रॉफी में आठवां सर्वोच्च निजी स्कोर बनाया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल (265) और अजय जडेजा (264) को पीछे छोड़ा। इशान से ठीक आगे वीरेंद्र सहवाग (274), लालचंद राजपूत (275) और संजय मांजरेकर (278) ही रहे। इशान ने सिक्स के लिए, जो शॉट खेला था अगर वह बाउंड्री पार कर जाता तो वह दलीप ट्रॉफी में सर्वोच्च निजी स्कोर के मामले में छठे स्थान पर पहुंच जाते। राजपूत और सहवाग उनसे पीछे हो जाते।

सर्वोच्च फर्स्ट क्लास स्कोर से चूके ईशान

ईशान फर्स्ट क्लास में अपना सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने से भी महज तीन रन पीछे रह गए। उन्होंने इस फॉर्मेट में 273 रन का स्कोर बना रखा है, जो 2016 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ बनाया था। तब उन्होंने 336 गेंद में 21 चौकों व 14 छक्कों से सजी पारी खेली थी।



ईशान और कुमार की 230 रनों की साझेदारी

ईशान किशन ने कुमार कुशाग्र के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 230 रनों की साझेदारी निभाई। कुशाग्र भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने शतकीय पारी खेली। कुशाग्र ने 132 गेंदों का सामना करते हुए 101 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके और 5 छक्के लगाए।

साउथ जोन के त्रिपुरण विजय ने झटके 4 विकेट

साउथ जोन के लिए त्रिपुरण विजय ने कुल 42 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 180 रन देकर 4 विकेट निकाले। इनके अलावा, चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल ने 2-2 विकेट हासिल किए। शेख रशीद को 1 सफलता हाथ लगी।

पाकिस्तानी कप्तान फातिमा पर आईसीसी का तगड़ा एक्शन

शेफाली को सेंडऑफ देना पड़ा महंगा



एजेंसी ▶▶ दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को महिला एशिया कप के दौरान आउट करने के बाद 'अपमानजनक इशारा' करने के लिए पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यह जानकारी दी।

यह घटना शनिवार को भारत की पारी के दूसरे ओवर में हुई जब शेफाली को आउट करने के बाद फातिमा ने पवेलियन की ओर इशारा किया। फातिमा को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आचार संहिता के लेवल एक के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा, हरकत या इशारे करने से संबंधित है, जो बल्लेबाज का अपमान करते हों या उसे आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसा सकते हों। इसके अलावा फातिमा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक और जोड़ा गया है क्योंकि 24 महीने की अवधि में यह उनका दूसरा अपराध है। इसके साथ ही एक साल के भीतर उनके डिमेरिट अंकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए चुने छह पेसर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 सितंबर से शुरू होने जा रही तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने अपनी 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। नियमित कप्तान टेंबा बावुमा की टीम में वापसी हुई है। इसके साथ ही अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर और क्विंटन डी कॉक भी इस टीम का हिस्सा हैं। साउथ अफ्रीकी टीम में गेराल्ड कोएत्जी की वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार वर्ल्ड कप 2023 में वनडे फॉर्मेट खेला था। वह कगिसो रबाडा की जगह ले रहे हैं, जो वनडे सीरीज से बाहर हैं और हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टेस्ट मैचों के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे हैं।

साउथ अफ्रीकी वनडे स्क्वॉड में 2 स्पिनर

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए छह पेसर टीम में चुने हैं। कोएत्जिया के साथ ही मार्को यानसन, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश और ऑटनील बार्टमैन को जगह दी गई है। केशव महाराज और ब्यॉर्न फॉर्टुइन के रूप में दो बाएं हाथ के स्पिनर को लिया गया है।

डेवाल्ड ब्रेविस टीम का हिस्सा नहीं

तूफानी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस टीम का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि वह टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे और फर्स्ट-क्लास क्रिकेट खेलेंगे। एडेन मार्करम दूसरे और तीसरे वनडे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

इंग्लैंड ने दिया पीटरसन को बड़ा जिम्मा, बनाया मेंटोर



लंदन। पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए इंग्लैंड की सफेद गेंद की टीमों का विशेषज्ञ मेंटोर बनाया गया है। पीटरसन इस महीने के आखिर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे श्रृंखला में मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ जुड़ेंगे। कोचिंग स्टाफ में मार्कस ट्रेसकोथिक, टिम साउदी, जीतन पटेल और सारा टेलर भी हैं। वह इस साल आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के दौरों पर भी टीम के साथ होंगे। इसके बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं और विश्व कप में टीम के साथ रहेंगे। पीटरसन ने कहा, 'मुझे गर्व है कि मुझे दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप में टीम की मदद करने के लिए कहा गया है।

जूनियर डेविस कप खेलेंगे रिभाव, हृतिक और तविशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के शीर्ष अंडर-16 खिलाड़ी रिभाव सरोहा मिस्त्र की राजधानी काहिरा में 2 से 8 नवंबर तक होने वाले जूनियर डेविस कप 'फाइनल्स' में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को टीम की घोषणा की, जिसमें रिभाव के अलावा हृतिक कटकम और तविश पाहवा को भी शामिल किया गया है। भारतीय टीम इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चेकिया, मिस्र, स्पेन, फ्रांस, हंगरी, इटली, जापान, कजाखस्तान, मोरक्को, सर्बिया, अमेरिका और वेनेजुएला जैसी दुनिया की शीर्ष टीमों से मुकाबला करेगी। केएसएलटीए से जुड़े राणा बनर्जी टीम के कोच होंगे। उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम 'फाइनल्स' में अपनी जगह पक्की करने में सफल रही। अब वह टीम के साथ काहिरा की यात्रा करेंगे। जूनियर डेविस कप 'फाइनल्स' का आयोजन पहली बार अफ्रीका के किसी देश में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले क्ले कोर्ट पर खेले जाएंगे।

पैरा तीरंदाजी : फाइनल में शीतल, प्लेऑफ में सरिता



अहमदाबाद। मौजूदा विश्व चैंपियन शीतल देवी ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज (तीसरा चरण) के तीसरे दिन सोमवार को महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। जम्मू की भुजाहीन तीरंदाज शीतल ने सरिता को 145-143 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब उनका सामना कजाखस्तान की ऐजादा सेडान से होगा। सरिता कांस्य पदक के मुकाबले में चीन की वांग हुइतिंग से खेलेगी। कंपाउंड पुरुष वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी तोमान कुमार को शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग ने 146-144 से हराया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4222611,4222612
ई-मेल: Recovery.Raipur@bankofbaroda.bank.in

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम,2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारो/जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से,उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/ जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र.	शाखा का नाम/ फोन नं.	उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम एवं पता	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि
01	सुंदर नगर शाखा, रायपुर 9752098094	श्री भागीरथी पिता श्री हिन्चा राम और श्रीमती मोनिका भौर्या पति श्री भागीरथी, पताः हरि नगर, वार्ड नं. 59,सपना किराना स्टोर के पास,दुर्ग, छ.ग. - 490020	साम्यिक बंधक आवासीय संपत्ति से संबंधिति खसरा नं. - 2/9 (म्यूटेशन के बाद नया खसरा नं.- 2/90), प.ह.नं.- 41, प्लाट क्षेत्रफल- 1518 वर्गफीट, मौजा तितुरडीह, वार्ड नं. 21, आर.एन.एम. दुर्ग/तितुरडीह, जिला-दुर्ग, छ.ग. पिन-490020हैं जो श्रीमती मोनिका भौर्या पति श्री भागीरथी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- सड़क, पूर्व- सड़क, पश्चिम- गोपाल प्रजापति का मकान.	18.05.2026 रु.25,51,023.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 05.09.2026 सांकेतिक कब्जा
02	अवंति विहार शाखा रायपुर 9752410719	श्री बंटी रस्तोगी C/o सुशील रस्तोगी, मकान नं.- 54/255 वार्ड नं. - 40, कृष्णा नगर, रायपुर (छ.ग.)-492001	संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल फ्लैट नं.----, चौथा तल, ब्लॉक- बी / फ्लैट नं. - 404, क्षेत्रफल- 815.00 वर्गफीट, सर्वे नं./प.ह.नं.-57, सिटी या टाउन सर्वे नं./ खसरा नं.- 678/4, 3 और 680/2 (भाग), शांति एन्क्लेव, माधव राव सप्रे वार्ड नं. 68, तहसील और ज़िला- रायपुर, छ.ग. में स्थित हैं जो श्री बंटी रस्तोगी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- फ्लैट नं. 401, दक्षिण - खुली जगह, पूर्व- फ्लैट नं. 403, पश्चिम - सीढ़ी/ लॉबी.	30.04.2026 रु. 25,85,213.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 02.09.2026 सांकेतिक कब्जा

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा। हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांक:08.09.2026, स्थानः रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

HDFC BANK HDFC Bank Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि एवं समय :– 14-अक्टूबर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

(A) स.क्र.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F)/(G) ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	श्री साहू खिलेश्वर 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई–दुर्ग 490006. श्रीमती साहू दीपिका 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई–दुर्ग 490006.	₹ 5,75,548/- 31 मई 2023* की स्थिति में	फ्लैट–एलआईजी–309, ग्रुप–5, फ्लोर–3, दीनदयाल आवास, योजना कौरिनभाटा, क्र.सं., ख. क्रमांक 328; ग्राम–कौरिनभाटा, तहसील–राजनांदगांव छ.ग., कुल बुआ क्षेत्रफल=487 वर्गफीट। (45.26 वर्गमीटर) लेटिट्यूड–21.088282, लांगिट्यूड–81.009706.	भौतिक	₹3,50,000/-	₹35,000/- / ₹ 5,000/-
2.	श्री रजक देवेन्द्र कुमार प्लॉट–ई15, स्मार्ट सिटी, क्र.सं. 29/2-3-4-5-6-7-8-9-13-14-15-16,17, 31/3-4, 32/1-2-4, ग्राम फरहाद, प.ह.नं. 29 राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 491441. श्री रजक देवेन्द्र कुमार डू कॉलोनी, मकान नंबर 03, बंगला पारा, बीआरसी भवन के पास, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, भोपालपटनम – छत्तीसगढ़, 494661. श्री रजक देवेन्द्र कुमार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कार्यालय. कार्यकारी इंजी.,रेस डिविजन, महका रोड, नारायणपुर, छ.ग., 494661.	₹ 9,99,808/- 31 मार्च 26 की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग का रेसिडेंशियल प्लॉट–ई15 स्मार्ट सिटी, स.क्र. 29/2-3-4-5-6-7-8-9-13-14-15-16, 17, 31/3-4, 32/1-2-4, खसरा नंबर 38/7(भाग) ग्राम फरहाद, प.ह.नं. 29, रानिमं–राजनांदगांव–01, तहसील एवं जिला– राजनांदगांव, छत्तीसगढ़। प्लॉट का एरिया 1345.32 वर्गफीट या 125.03 वर्गमीटर, लेटिट्यूड–20.972909, लांगिट्यूड– 80.856248.	भौतिक	₹18,17,000/-	₹1,81,700/- / ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :– 24-अगस्त-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :–12-अक्टूबर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
सावधानी नोट: बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 08 सितम्बर, 2026
स्थान: राजनांदगांव
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA



पानी के ऊपर बसा है पूरा गांव, कहलाता है धरती का स्वर्ग, नजारे देख झूम उठेगा मन

तिरुवनंतपुरम। गांव का नाम सुनते ही हम सबके मन में हरियाली, खेत-खलिहान, मवेशी-ट्रैक्टर याद आने लगते हैं। पिछले कुछ वर्षों में गांवों की तस्वीर बदली है। भारत में कुछ गांव तो ऐसे भी हैं, जो किसी इतने खूबूसरत हैं कि स्वर्ग जैसे दिखते हैं। देश में एक गांव ऐसा भी है जो पूरा का पूरा पानी के ऊपर बसा हुआ है। मानसून के सीजन में इस गांव का नजारा स्वर्ग जैसा होता है। दुनिया के सबसे खूबसूरत गांवों में इसकी गिनती है। दुनियाभर से लोग इस गांव की एक झलक पाने के लिए आते हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पानी के ऊपर बसे इस गांव में पक्की सड़कें हैं, यहां पर बसें भी चलती हैं।

गांव की खूबसूरती कर देती है मंत्रमुग्ध

केरल का छोटा सा गांव कडमकुडी पानी के ऊपर बसा हुआ है। इसे देखकर लगता है कि जैसे यह किसी और दुनिया का गांव हो। गांव की खूबसूरती मंत्रमुग्ध कर देती है। मानसून में यहां का नजारा किसी स्वर्ग से कम नहीं होता, यही वजह है कि इस गांव को लोग प्यार से 'छोटा स्वर्ग' भी कहते हैं। यह गांव कोच्चि से सिर्फ 15 किलोमीटर की दूरी पर है। एर्नाकुलम जिले में आता है। यह गांव कोच्चि के पास स्थित 14 छोटे-छोटे द्वीपों का एक सुंदर समूह है।



पेंटिंग जैसे लगता है गांव का नजारा

कडमकुडी (कडमाकुडी) को 'धरती का सबसे खूबसूरत गांव' कहे जाने की कई वजहें हैं। गांव का नजारा पेंटिंग जैसे लगता है। चारों तरफ शांत बैकवॉटर, धीरे-धीरे चलती छोटी नावें, हर तरफ घनी हरियाली, नारियल के पेड़, खुला आसमान और ताजा हवा के झोकें आपको ऐसी दुनिया का अहसास कराते हैं जिसकी कल्पना मन-मस्तिष्क में चलती रहती है।



सनसेट का नजारा देता है अलग अनुभूति

मैंग्रोव केरल के बैकवॉटर की सबसे बड़ी ताकत हैं। ये मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। समुद्री लहरों से तटों की रक्षा करते हैं। हजारों पक्षियों-जंगली जंतुओं को प्राकृतिक आवास देते हैं। यहां छह महीने प्रॉन्स फार्मिंग तो छह महीने खेती होती है। यहां पर सनसेट का नजारा अलग अनुभूति देता है। अगर जीवन की भागदौड़ से ब्रेक लेना हो, शांति की तलाश हो तो एक बार कडमाकुडी गांव जरूर घूम आइये।

रोचक खबरें

10 हजार फीट पर दिखा गुबरैला का पहाड़, चट्टानों पर रेंग रहे थे लाखों कीड़े

न्यूयार्क। बाग-बगीचों में लाल रंग की छोटी-छोटी लेडीबग यानी गुबरैला देखना आम बात है। ये कीड़े फसलों के दुश्मन एफिड्स को खाकर किसानों के दोस्त माने जाते हैं। लेकिन अगर यही गुबरैला आपको लाखों की संख्या में एक साथ दिख जाएं तो? कल्पना कीजिए 10 हजार फीट की ऊंचाई पर चट्टानी चोटी पर पूरा पहाड़ गुबरैला से ढका हो और वे रेंग-रेंगकर एक-दूसरे से चिपक रहे हों। यही नजारा हाल ही में अमेरिका के उटाह राज्य में एक शख्स को देखने को मिला। वीडियो में साफ दिख रहा है कि चट्टानों पर सैकड़ों-हजारों गुबरैला इकट्ठा हैं। वे गुच्छों में बल बना रहे हैं, जैसे सर्दी से बचने के लिए एक-दूसरे से चिपककर गर्मी हासिल कर रहे हों। गुबरैला को वैज्ञानिक भाषा में लेडीबग या लेडीबर्ड बीटल कहा जाता है। इनमें से खासतौर पर कन्वर्जेंट लेडीबग ऊंचे पहाड़ों पर ऐसे झुंड बनाते हैं। पश्चिमी अमेरिका के राज्यों जैसे उटाह, कोलोराडो, इडाहो, कैलिफोर्निया और एरिजोना में यह घटना आम है। ये कीड़े गर्मियों या पतझड़ में निचले इलाकों से उड़कर 6 हजार से 10 हजार फीट या उससे भी ऊंची चोटियों पर पहुंच जाते हैं। वहां वे चट्टानों, पेड़ों या दरारों में इकट्ठा हो जाते हैं।



दुनिया का सबसे महंगा गद्दा कीमत करीब 7 करोड़ रुपए

स्टॉकहोम। हममें से ज्यादातर लोगों के लिए गद्दा ऐसी चीज है, जिसे खरीदते समय आराम, मजबूती और कीमत देखी जाती है। लेकिन, जरा सोचिए, अगर किसी गद्दे की कीमत करोड़ों रुपए हो तो? सुनने में यह बात भले ही अजीब लगे, लेकिन दुनिया में एक ऐसा लग्जरी गद्दा मौजूद है, जिसकी कीमत करीब 7.3 करोड़ रुपए बताई जाती है। खास बात सिर्फ इसकी कीमत नहीं, बल्कि इसे बनाने का तरीका और इसमें इस्तेमाल होने वाली चीजें भी हैं। यह गद्दा स्वीडन की मशहूर कंपनी हेस्टेंस बनाती है। कंपनी का सबसे महंगा मॉडल ग्रैंड विविडस है, जिसकी कीमत 656,990 यानी करीब 7.3 करोड़ रुपए बताई गई है। करोड़ों रुपए की कीमत वाले इस गद्दे को बनाने में भी काफी समय लगता है। आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रैंड विविडस को पूरी तरह हाथों से तैयार किया जाता है और इसे बनाने में करीब 600 घंटे यानी 25 दिन तक का समय लग सकता है। इसकी सबसे खास बात इसके अंदर इस्तेमाल होने वाली सामग्री है।

चमकते गंजे पर उगाना चाहता था बाल ट्रांसप्लांट के बाद गुब्बारे की तरह सूजा माथा!

नई दिल्ली। चमकते गंजे सिर पर घने बाल उगाने का सपना हर उस शख्स का होता है जो बालों के झड़ने से परेशान है। लेकिन कभी-कभी यह सपना बुरा सपना बन जाता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला वायरल हो गया है जिसमें मैक्स जैकब नाम के एक शख्स ने हेयर ट्रांसप्लांट करवाया और उसके बाद उसका चेहरा इस कदर सूज गया कि वो किसी एलियन या कार्टून किरदार की तरह नजर आने लगा। शख्स का माथा गुब्बारे की तरह फूल गया, आंखें लगभग बंद हो गईं और पूरा चेहरा विकृत दिखने लगा। इस वीडियो को देखने के बाद हजारों लोग हैरान रह गए और जो लोग हेयर ट्रांसप्लांट की योजना बना रहे थे, वे अब अपने फैसले पर दोबारा विचार करने लगे हैं। आम तौर पर जो भी हेयर ट्रांसप्लांट करवाता है, वो लोगों के साथ अपने बालों के वीडियोज शेयर करता है। लेकिन, यहां इस प्रक्रिया की असलियत दिखाई गई।



देश की वो रहस्यमयी जगह, जहां 99,99,999 मूर्तियां

अगरतला। भारत में ऐसी अनगिनत जगहें हैं, जहां पहुंचकर लगता है जैसे हम किसी रहस्य की दुनिया में आ गए हों। कहीं पहाड़ों के बीच छिपे प्राचीन मंदिर हैं, तो कहीं ऐसी गुफाएं और चट्टानें हैं, जिन पर सदियों पुरानी कहानियां आज भी जिंदा हैं। राजस्थान का कुलधरा, हिमाचल की रहस्यमयी झीलें और उत्तराखंड के प्राचीन मंदिरों की तरह त्रिपुरा का उनाकोटी भी अपनी अनोखी कहानी और रहस्यमयी मूर्तियों के लिए जाना जाता है। घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच मौजूद इस जगह की सबसे बड़ी खासियत यहां चट्टानों पर उकेरी गई विशाल देवी-देवताओं की आकृतियां हैं। हैरानी की बात यह है कि इन मूर्तियों की संख्या 99 लाख 99 हजार 999 बताई जाती है, यानी एक करोड़ से बस एक कम।

उनाकोटी के साथ जुड़ी हैं पौराणिक कथाएं

उनाकोटी की चर्चा होते ही सबसे पहले इसी संख्या का जिक्र होता है। मान्यता है कि यहां करीब 99 लाख 99 हजार 999 देवी-देवताओं की मूर्तियां मौजूद हैं। हालांकि, इतनी बड़ी संख्या में मूर्तियों की गिनती करना संभव नहीं है और यह संख्या मुख्य रूप से स्थानीय मान्यताओं और प्रचलित कथाओं से जुड़ी हुई है। लेकिन, सवाल यह है कि आखिर उनाकोटी में इतनी सारी मूर्तियां किसने बनाईं? इन्हें चट्टानों पर कैसे उकेरा गया होगा? और संख्या एक करोड़ से सिर्फ एक कम ही क्यों बताई जाती है? इन सवालों का कोई पक्का जवाब आज तक सामने नहीं आया है। यही वजह है कि उनाकोटी के साथ कई पौराणिक कथाएं जुड़ गई हैं।

एक करोड़ से बस एक कम, दिलचस्प है वजह!



पहाड़ ही बन गए विशाल मूर्तिशाला

त्रिपुरा का उनाकोटी एक प्राचीन शैव तीर्थस्थल (भगवान शिव को समर्पित पवित्र स्थल) है। यहां पहाड़ियों और बड़ी-बड़ी चट्टानों को काटकर देवी-देवताओं की आकृतियां बनाई गई हैं। माना जाता है कि इन शैल नक्काशियों का निर्माण करीब 7वीं से 9वीं शताब्दी के बीच हुआ था। यह पूरा क्षेत्र लगभग 150 एकड़ में फैला हुआ बताया जाता है। चारों तरफ हरियाली, घने जंगल और ऊंची-नीची पहाड़ियों के बीच अचानक चट्टानों पर बनी विशाल प्रतिमाएं दिखाई देती हैं। यही नजारा उनाकोटी को बाकी धार्मिक स्थलों से अलग बनाता है। अपनी विशाल शैल नक्काशियों के कारण उनाकोटी को कई बार 'पूर्व का अंगकोर वाट'भी कहा जाता है।

30 फीट ऊंची शिव प्रतिमा है सबसे खास

उनाकोटी की सबसे प्रसिद्ध मूर्तियों में भगवान शिव की विशाल आकृति शामिल है। इसे उनाकोटीश्वर काल भैरव के नाम से जाना जाता है। यह प्रतिमा करीब 30 फीट ऊंची बताई जाती है। इसके आसपास पहाड़ियों और चट्टानों पर गणेश, विष्णु, नंदी, दुर्गा, लक्ष्मी और दूसरे देवी-देवताओं की आकृतियां भी दिखाई देती हैं। यहां रावण की एक प्रतिमा भी बताई जाती है, जिसमें वह धनुष-बाण से निशाना साधते नजर आते हैं। इन प्रतिमाओं को देखकर आज भी यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि सदियों पहले बिना आधुनिक मशीनों के कलाकारों ने इतनी बड़ी शैल नक्काशियों को किस तरह तैयार किया होगा।

जब एक रात में सो गए एक करोड़ देवी-देवता

उनाकोटी से जुड़ी सबसे लोकप्रिय कहानी भगवान शिव से संबंधित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, एक बार भगवान शिव एक करोड़ देवी-देवताओं के साथ काशी जा रहे थे। रास्ते में रात हो गई तो सभी ने एक पहाड़ी पर रुककर आराम करने का फैसला किया। मान्यता है कि उस समय इस जगह को रघुनंदन पहाड़ कहा जाता था। महादेव ने सभी देवी-देवताओं से कहा कि सुबह होते ही उन्हें काशी के लिए निकलना है। लेकिन, अगली सुबह भगवान शिव के अलावा कोई भी समय पर नहीं जागा। कहा जाता है कि भगवान शिव इससे नाराज हो गए और अकेले ही काशी के लिए रवाना हो गए। जो देवी-देवता सोते रह गए, वो वहीं पत्थर की मूर्तियों में बदल गए।



पहाड़ियों के बीच बसा है रहस्यमयी संसार

उनाकोटी पहुंचने पर ऐसा लगता है जैसे पूरी पहाड़ी ही किसी विशाल मंदिर का हिस्सा हो। चट्टानों पर बनी छोटी-बड़ी आकृतियां जगह-जगह दिखाई देती हैं। कुछ प्रतिमाएं सीधे पहाड़ों को काटकर बनाई गई हैं, जबकि कुछ शैल आकृतियां आसपास की चट्टानों में नजर आती हैं। घने जंगलों और पहाड़ी वातावरण के बीच इन प्राचीन मूर्तियों को देखना अपने आप में एक अलग अनुभव है। यही वजह है कि यहां धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों के साथ इतिहास और प्राचीन कला में दिलचस्पी रखने वाले लोग भी पहुंचते हैं। उनाकोटी के आसपास सीता कुंड भी मौजूद है। यहां जल की एक धारा निकलती है। इसे लेकर स्थानीय लोगों के बीच धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं। मान्यता है कि सीता कुंड में स्नान करने से पुण्य मिलता है। इसी वजह से उनाकोटी आने वाले कई श्रद्धालु यहां भी पहुंचते हैं। उनाकोटी सिर्फ प्राचीन मूर्तियों के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक आयोजनों के लिए भी जाना जाता है। हर साल अशोक अष्टमी के मौके पर यहां बड़ा मेला लगता है।

दुनिया पर मंडराया 1.5 डिग्री तापमान बढ़ोतरी का खतरा, यूएन की चेतावनी

वॉशिंगटन। जलवायु परिवर्तन यानी क्लाइमेंट चेंज का संकट अब सिर्फ किताबों की चेतावनी नहीं, बल्कि हमारे दरवाजे पर दस्तक देता बड़ा संकट बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट ने ऐसा सच सामने रखा है, जो न सिर्फ चिंताजनक है, बल्कि हर देश और नागरिक के भविष्य पर बड़ा सवालिया निशान लगाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की एक नई रिपोर्ट ने दुनिया भर में खतरे की घंटी बजा दी है।रिपोर्ट के अनुसार, धरती का तापमान जल्द ही 1.5 डिग्री सेल्सियस की खतरनाक सीमा को पार कर जाएगा। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी है कि बीते 50 सालों में हुई तकनीकि प्रगति भी जलवायु परिवर्तन के इस खतरे को पूरी तरह से पलट नहीं सकती और अब स्थिति कभी पहले जैसे सामान्य नहीं हो पाएंगे।

सूखा, बाढ़ और तबाही को लेकर बड़ा अलर्ट



ऐतिहासिक जिम्मेदारी और न्याय का सवाल

रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि जिन गरीब और विकासशील देशों ने प्रदूषण फैलाने में सबसे कम भूमिका निभाई है, वही इसका सबसे बड़ा नुकसान झेल रहे हैं।

साउथ एशिया पर ज्यादा असर

यूएनईपी इंडिया के चीफ बालकृष्ण पशुपति के मुताबिक क्लाइमेंट चेंज का असर किसी एक देश की सीमा तक सीमित नहीं रहता। साउथ एशिया में जनसंख्या का दबाव, कमाई में असमानता और तकनीक की कमी जैसी कई समस्याएं पहले से हैं। ऐसे में ग्लोबल वार्मिंग की सबसे बड़ी मार इसी इलाके पर पड़ रही है। उन्होंने अलग-अलग क्लाइमेट क्लॉक का भी जिक्र करते हुए समझाया कि तापमान कम करने पर कुछ बदलाव भले ही रुक जाएं, लेकिन पिघले हुए ग्लेशियर 100 साल बाद भी पुराने रूप में वापस नहीं आएंगे।

एक गांव, जहां 17 परिवार जानबूझकर बिना बिजली और मोबाइल के जी रहे हैं जिंदगी !



अमरावती। अगर आपसे कहा जाए कि आज के समय में कोई बिना मोबाइल, इंटरनेट और बिजली के भी अपनी मर्जी से रह सकता है, तो शायद आप यकीन न करें, लेकिन आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले की एंथकापल्ली पहाड़ियों के बीच एक ऐसी जगह है, जहां कदम रखते ही लगता है जैसे वक्त कई सदी पीछे चला गया है। घने जंगलों और शांत वादियों के बीच बसे इस गांव का नाम है कुर्मा ग्रामम। यहां के लोगों ने जो लाइफस्टाइल चुनी है, उसने हर किसी को हैरान कर रखा है।

60 एकड़ में फैली एक अलग ही दुनिया

इस गांव में कुल मिलाकर सिर्फ 17 परिवार रहते हैं। बाहर से देखने पर ये गांव किसी आम बस्ती जैसा लग सकता है, लेकिन इसके अंदर का सच बिल्कुल अलग है। यहां न तो किसी के हाथ में स्मार्टफोन दिखता है और न ही छतों पर डिश एंटीना। शाम होते ही जब बाकी शहर लाइटों से जगमगा उठते हैं, तब इस गांव में एक अलग ही नजारा देखने को मिलता है। लोग बिजली के बल्ब के बजाय अरंडी के तेल के दीए जलाकर रोशनी करते हैं।

तड़के 3 बजे से शुरू होता है अनोखा रूटीन: जैसे ही घड़ी में सुबह के साढ़े तीन बजते हैं, पूरा गांव एक साथ जाग जाता है।

न पंखा, न स्मार्टफोन, फिर भी खुश हैं

कहते हैं यहां के घर सीमेंट या लोहे के गार्टर से नहीं बने हैं। ग्रामीण अपने आशियाने मिट्टी, चूने, लकड़ी और पत्थरों से तैयार करते हैं। फर्श को खासतौर पर गोबर से लीपा जाता है, ताकि कीटाणु पास न फटकें। खाना पकाने के लिए यहां गैस सिलेंडर का इस्तेमाल पूरी तरह बंद है। महिलाएं मिट्टी के चूल्हों पर लकड़ी जलाकर खाना बनाती हैं, जिसकी महक पूरे गांव में फैली रहती है। वहीं, साबुन की जगह रीठा या प्राकृतिक चीजें इस्तेमाल होती हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com